ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025
वर्ष 3, अंक 296, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

## उत्साह



महाराष्ट्र के नागपुर में गांधी गेट पर छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को चिह्नित करते हुए शिव राज्याभिषेक सोहाला मनाने के लिए जुलूस में भाग लेती महिलाएं। • एजेंसी

# महाराष्ट्र में लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

### ठाणे में मुंब्रा स्टेशन के पास दो ट्रेनों के एक-दूसरे को पार करते समय हुआ हादसा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी तथा उन्हें सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। घायलों को भी वित्तीय सहायता की जाएगी।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55.52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

# भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा : प्रधानमंत्री

### सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से आया यह बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी



साख को उजागर करना है। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।

एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

# सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि सोनम को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को इंदौर से पकड़ा।



- हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश
- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली।

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है। सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की गई जान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।



हमले में घायल पुलिस अधिकारी।

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा क्षेत्र) आकाश राव गिरपुंजे की मौत पर दुख व्यक्त किया। बस्तर क्षेत्र के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि विस्फोट की सीधी चपेट में आने से गिरपुंजे को गंभीर चोटें आईं और उनके पैर कट गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया 9.94 करोड़ का भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।

### आधी रात को 6239 मामलों में किया भुगतान


दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9.94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

# गर्मी ने किया बेहाल, पारा 45$^{0}$ पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

# 22 हजार करोड़ से गांवों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

### 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

## एक नजर

### महिला जनसुनवाई कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का 11 जून को सर्किट हाउस में 11 बजे से महिला जनसुनवाई करेंगी। सूचना विभाग की सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसके बाद सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करेंगी।

### अवध विवि परीक्षाओं के लिए परीक्षक नियुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर की मौखिकी और प्रायोगिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में 2 जून को आदेश निर्गत किया जा चुका है। कार्यालय द्वारा जारी आदेश के क्रम में परीक्षकों के पैनल भेजे जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन समय से परीक्षाफल घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पहले दिन हुई कोरोना की 40 जांचें, अब लगेंगी 8 टीमें

## महिला अस्पताल में हुए एंटीजन टेस्ट, जल्द ही 25 हजार किट आएंगी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कोरोना को लेकर जिले में स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। इसी को देखते हुए पहले दिन सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय में 40 लोगों की कोरोना जांच के लिए एंटीजन टेस्ट कराया गया, कोई भी पॉजिटिव नहीं निकला। जांच का दायरा बढ़ाने के लिए अब आठ टीमें लगाई जाएंगी। जो सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर एंटीजन टेस्ट करेंगी। इसमें एक मोबाइल टीम रहेगी। वह भीड़-भाड़ वाले स्थान पर पहुंचकर कोरोना की जांच करेगी।

देश में कोरोना के मामले सामने आने के बाद अयोध्या जैसे संवेदनशील जगहों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। लोगों की ट्रेवल हिस्ट्री भी देखी जा रही है। महाराष्ट्र, केरल और दिल्ली से आने वालों लोगों पर नजर रखी जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया जल्द ही स्वास्थ्य विभाग को कोरोना टेस्ट के लिए 25 हजार एंटीजन किट उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के साथ-साथ हनुमानगढ़ी, लता चौक, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन, अयोध्या धाम रोडवेज, अयोध्या डिपो रोडवेज स्टेशन के साथ-साथ जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों की कोरोना एंटीजन टेस्ट किए जाएंगे। इसके लिए सात टीमें उतारी जाएंगी। जिला अस्पताल में भी पहले दिन एंटीजन टेस्ट 100 किट पहुंची हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एके सिन्हा ने बताया कि सीएमओ से और किट की मांग की गई है।



स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# बीपाल एम रेजिमेन से मिलेगा टीबी मरीजों को उपचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले से क्षय रोग को जड़ से मिटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब एक नए रेजिमेन से इलाज की सुविधा शुरू कराई है। सर्किट हाउस में सोमवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में बीपाल एम रेजिमेन की शुरुआत कराई गई। इसका लाभ 14 वर्ष से अधिक की उम्र के रोगियों को मिलेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि पहले एमडीआर मरीजों का इलाज नौ से 27 महीने तक चलता था, लेकिन बीपाल एम रेजिमेन के द्वारा अब छह महीने में मरीज को टीबी बीमारी से मुक्ति मिलेगी।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के हाथों टीबी के मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की गई। जिससे वे बेहतर पोषण प्राप्त करें और जल्दी स्वस्थ हो सकें। महापौर ने उपस्थित विशिष्ट गणों से निश्चय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहायता देने की अपील की। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीपी त्रिपाठी ने जनपद में टीबी मरीजों की स्थिति और उनको दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डीके श्रीवास्तव, रामनीश मिश्रा (पीएमडीटी कॉर्डिनेटर), उमेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे।



टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान करते महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व डीटीओ डॉ. संदीप कुमार।

### इस स्थिति में बंद करना पड़ेगा रेजिमेन

- फॉलोअप इलाज के दौरान 2, 3, 4, 5, 6वें महीने के सैंपल समय से भेजना जरूरी है।
- बीपाल रेजिमेन शुरु करने से पहले मरीज का बेसलाइन सीडीएसटी सैंपल भेजना आवश्यक है। यदि बेसलाइन सैंपल में किसी दवा से रेजिस्टेंस आता है तो बीपाल रेजिमेन बन्द करनी होगी। चौथे माह के बाद कोई फॉलोअप सैंपल पॉजीटिव होने की दशा में या किसी दवा से ग्रेड 3 . 4 के साइड इफैक्ट होने की दशा में बीपाल रेजिमेन बंद करनी होगी।
- यदि बीपाल रेजिमेन की कोर मेडिसिन (बीपाल) किसी भी कारण से न दे पाये तो पूरी रेजिमेन बन्द करनी होगी और मरीज को आगे इलाज के लिए नोडल डीआरटीबी सेन्टर भेजना होगा।
- किसी भी दशा में मरीज दवा को लगातार 14 दिन या छोड़-छोड़ कर 28 दिन से अधिक गैप न करें। ऐसा करने की स्थिति में ये रेजीमेन बंद करनी पड़ेगी।

### इन्हें दिया जाएगा बीपाल एम रेजिमेन

- रोगी की उम्र 14 वर्ष से अधिक हो व न्यू माइक्रोबाइलॉजिकल कन्फर्म रिफ रजिस्टेन्स हो।
- रोगी के द्वारा डीआरटीबी की दवा एक माह से कम ली हो व बिडाकुलीन, लिजोनाइड से सेंसटिव हो।
- पुरुष रोगी की क्यूटीसी (ईसीजी) 450 से अधिक न हो व महिलाओं में क्यूटीसी 470 से अधिक न हो।
- गर्भवती न हो बच्चे को दूध पिलाने वाली मां न हो, यदि गर्भवती है तो एमटीपी के लिए सहमत हो।

# व्यापार का केंद्र बनकर न रह जाए अयोध्या : जितेंद्रानंद सरस्वती



महंत नृत्य गोपाल दास का अभिवादन करते साधु-संत। अमृत विचार



संत सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अबिचल दास व अन्य संत। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव पर मणिराम दास छावनी के श्रीराम कथा मंडपम में विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान यह चिंता जताई गई कि कहीं यह नगरी सिर्फ व्यापार का केंद्र न बनकर रह जाए। संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्रानंद सरस्वती ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज जानकारी में है कि अयोध्या के 25 किलोमीटर के क्षेत्र में कोई जमीन खाली नहीं है।

**मणिराम दास छावनी में आयोजित संत सम्मेलन में जताई गई चिंता**

दुनिया का कोई ऐसा उद्योगपति नहीं है जो यहां आना नहीं चाहता, लेकिन संतों से यह निवेदन है कि अयोध्या धर्म नगरी ही बनी रहे सिर्फ व्यापार का केंद्र न बन कर रह जाए। यह चिंता यहां के साधु संतों को करनी होगी। श्री राम जन्मभूमि का आंदोलन कोई सामान्य आंदोलन नहीं था, हजारों वर्ष से दबाए गए समाज और तोड़े गए हजारों हजार मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की दिशा में बढ़ा हुआ यह पहला कदम था। कहा कि जो लोग राम मंदिर के निर्माण पर कह रहे थे कि इससे क्या किसी को रोटी मिलेगी। संतों के मंच से हमने कहा है कि काश तुमने पाकिस्तान में मंदिर नहीं तोड़ी होती तो जैसा भंडारा मणिराम दास छावनी में बिना जाति धर्म पूछे कराया जाता है, इस तरह पाकिस्तान के कराची के संकट मोचन मंदिर में भी हम सभी को बैठक खिला रहे होते और लोगों को 800 रुपये किलो आटा के लिए नहीं रोना पड़ता। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास का विराट व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरक है।

### मक्का-मदीना से भी अधिक भीड़ अयोध्या में हो रही: वेदांती

पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि 87वें जन्मोत्सव मनाने के लिए एकजुट हुए हैं। कई बड़े-बड़े संत-महंत विराजमान थे और जो निर्णय लिया गया था उसका संकल्प पूर्ति 22 जनवरी 2024 में हुआ। वही कहा कि पहले भीड़ सबसे ज्यादा मक्का और मदीना में होती थी, लेकिन अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विश्व में सबसे ज्यादा भीड़ दर्शन करने के लिए अयोध्या में हुई। इस संत सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष महंत अविचल दास ने की। संचालन डॉ.रामानंद दास ने किया। संत सम्मेलन में नेपाल से आए जगद्गुरु राम कृष्णाचार्य, महंत डॉ.राम विलास दास वेदांती, महंत गौरी शंकर दास, महंत डॉ.मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत गोविंद दास जयपुर, महंत शक्ति शांतानंद केरल, महंत अखिलेश्वर दास गुजरात, महंत ज्योर्तिमयानंद हरिद्वार, महामंडलेश्वर दुर्गादास हरिद्वार, महामंडलेश्वर विष्णु दास हरिद्वार, महामंडलेश्वर गीता देवी निर्मल अखाड़ा, महंत डॉ.राघवेश दास वेदांती समेत अन्य मौजूद संतों उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

## कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन आज से

**अयोध्या, अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी 10 जून से जिले के पांचों विधान सभा क्षेत्रों संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन करेगी। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने इसकी तिथियां घोषित कर दी है। कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने सोमवार को बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 10जून को एक स्कूल में, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में 11 जून को एक मैरिज लॉन में, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र का सम्मेलन 13 जून को रायगंज अयोध्या, गोसाईंगंज विधान सभा क्षेत्र का 14 जून को एक मैरिज लॉन में , रुदौली विधान सभा क्षेत्र में 15 जून को निर्मल कुटिया रानीमऊ में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जिला पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### चिकित्सकों को मिला कार्रवाई का आश्वासन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में अभद्रता और तोड़फोड़ के मामले में इमरजेंसी मेडिकल अफसर (ईएमओ) सोमवार को लामबंद हो गए। वह सांकेतिक विरोध करने जा रहे थे। इससे पहले इमरजेंसी प्रभारी ईएमओ डॉ. आशीष पाठक ने अन्य चिकित्सकों के साथ सीएमएस से मुलाकात की और डॉ. विशाल चौधरी के साथ हुई अभद्रता का विरोध जताया। सीएमएस डॉ.एके सिन्हा ने बताया कि मौके पर कोतवाल अश्विनी पांडेय को बुलाकर बातचीत कराई गई। इस दौरान उन्होंने 24 घंटे में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली नगर अंतर्गत जनौरा स्थित हाईवे पर सोमवार की सुबह करीब 8 :30 बजे मोरंग लदे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जीतू चौरसिया (24) निवासी कटरहिया थाना रौनाही के रूप में हुई। वह अयोध्या दर्शन पूजन के लिए जा रहा था। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, चालक फरार हो गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आग से घर का सामान जला

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के मजरे हरिदास का पूरवा में बीती रात आग लगने से राजकुमार सिंह के घर का पूरा सामान जल गया। राजकुमार सिंह ने बताया कि देर रात वे खेत में धान की बेरन डालकर लौटे और भोजन करके सो गए। अचानक आग की लपटें दिखाई दीं। लेखपाल राहुल यादव ने बताया नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट तहसील प्रशासन को दे दी है।

### शिक्षक संघ ने वित्त एवं लेखा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



वित्त एवं लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिक्षक संघ ने सोमवार को वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा को सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नील मणि त्रिपाठी ने कहा कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराने के बाद भी समस्याएं यथावत बनी हैं। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने समस्याओं के समाधान में बाबू की कार्यशैली को उत्तरदाई करार देते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि ज्ञापन में जिले के सभी शिक्षकों का जीपीएफ ऑनलाइन करते हुए लेखा पर्ची उपलब्ध कराने, शिक्षकों को त्रुटि रहित हस्ताक्षर युक्त फॉर्म 16 उपलब्ध कराए जाने व शिक्षकों की एनपीएस की कटौती में विसंगतियां दूर करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में रुदौली ब्लॉक के मंत्री सत्येंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष अरविंद पाठक शामिल थे।

### आउट सोर्सिंग कर्मियों का धरना जारी



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउट सोर्सिंग कर्मियों का प्रदर्शन।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण अयोध्या जोन के कार्यालय पर विद्युत मजदूर पंचायत के बैनर तले आउट सोर्सिंग कर्मियों का चल रहा धरना सोमवार को 49वें दिन भी जारी रहा। धरने में रघुवंश मिश्रा, जय गोविंद, विजय प्रताप सिंह, सुशील मौर्य, श्री नाथ तिवारी, सत्येंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मी शामिल रहे।

### सीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समरसता भोज का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार : अमृत विचार :** विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण और तीर्थों के विकास के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के कीर्तिमान बनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही राष्ट्र का निर्माण और राम के आदर्शों की प्रतिष्ठा संभव होगी। वह साहबगंज स्थित श्रीरामजानकी मंदिर पर आयोजित समरसता भोज के अवसर पर बोल रहे थे। जन्मदिन के उपलक्ष्य में समरसता भोज का आयोजन किया गया। समरसता भोज में मंदिर परिसर के समक्ष खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया। इसमें जिला प्रभारी धर्माचार्य महंत अंजनी शरण दास,जिला उपाध्यक्ष नीरज पाठक, जिला महामंत्री संतोष रावत, जिला कोषाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष तुषार श्रीवास्तव, जिला प्रभारी गौ रक्षा कमलेश वर्मा, जिला अध्यक्ष गौ रक्षा आकाश, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा वीर विक्रम सिंह आदि ने सहयोग किया।

### किशोर के साथ कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मवई, अयोध्या/अमृत विचार।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सकिब (25) निवासी सैदपुर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सात जून की शाम आठ बजे की है। पीड़ित के शारीरिक रक्तस्राव के बाद मामले का खुलासा हुआ। पीड़ित की मां ने आठ जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर बयान दर्ज कर लिया गया है। आरोपी सकिब को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एसबीआई के सामने मिला शव

**पूरा बाजार, अयोध्या।** थाना महाराजगंज अंतर्गत स्टेट बैंक आफ इंडिया पूरा बाजार के सामने सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान सुनील सोनी (35) पुत्र स्व जगदीश सोनी निवासी जलालुद्दीन नगर पूराबाजार थाना महराजगंज के रूप में हुई। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मृतक की शादी कुछ वर्ष पूर्व हुई थी, पत्नी छोड़कर चली गई थी। वह नशे का आदी था, साथ ही मानसिक स्थिति सही नहीं थी। वह बाजार में इधर उधर घूमता रहता था। शरीर पर चोट आदि के कोई निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नाले की मरम्मत व सफाई को लेकर सड़क पर उतरे युवा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** हनुमतनगर वार्ड के शिवनगर कॉलोनी के मुख्य मार्ग के नाले की अव्यवस्था को लेकर युवा सोमवार को सड़क पर उतर गए। कहा कि न तो जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दे रहे हैं और न ही नगर निगम, चलना दुश्वार हो गया है।

शिवनगर कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर बना नाला 7-8 साल जर्जर स्थिति में है। अक्सर इसमें चार पहिया वाहन फंस जाते हैं। छोटे वाहन और साइकिल सवार गिरकर घायल होते हैं। अब बारिश में स्थिति और खराब होगी। इसलिए सड़क पर उतरकर व्यवस्था का विरोध नाले की मरम्मत के साथ बारिश से पहले सफाई की मांग की। प्रदर्शन में गुलशन तिवारी, अभय मिश्रा, नरेंद्र पाण्डेय, दिग्विजय शुक्ला, वरुण शुक्ला, चाहत पाण्डेय, चंचल पाण्डेय, शुभम कुमार, अंकुर यादव, राका यादव, विक्रम सिंह, रोशन तिवारी, यश द्विवेदी सहित अन्य लोग थे।

**कहा-फंस रहे चार पहिया वाहन, चोटिल हो रहे लोग**




नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

### रघुभूमि से तपोभूमि की लोक जागरण यात्रा 11 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या लोक दायित्व के तत्वावधान में रघुभूमि से तपोभूमि की यात्रा अयोध्या धाम के लता चौक से बक्सर तक 11 जून पूर्णमासी को प्रारम्भ हो रही है। यात्रा संयोजक पवन कुमार ने बताया कि यह यात्रा माता सरयू के अवतरण दिवस पर श्री अयोध्या धाम से प्रारम्भ होती है। यात्रा का मार्ग वही होता है, जिस मार्ग से प्रभु राम ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के साथ यज्ञ की रक्षा करने गए थे। इस यात्रा में समाज के लगभग सभी वर्गों के लोग सम्मिलित होते हैं। यह यात्रा कुल 276 किलोमीटर में 13 स्थलों तक जाएगी।

### उपायुक्त स्वतः रोजगार की हुई तैनाती

**अयोध्या, अमृत विचार :** शासन ने उपायुक्त मनरेगा सविता सिंह के तबादले के साथ रिक्त उपायुक्त स्वत : रोजगार के पद पर तैनाती कर दी है। डीसी स्वत : रोजगार सीतापुर में डीडीओ के पद पर तैनात रहे हरिश्चंद्र राम को भेजा गया है। विकास विभाग के तबादले में खास बात यह भी है कि 32 तबदलों की सूची में 14 को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया। प्रशासनिक हल्के में यह चर्चा का विषय बन गया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : जिलाधिकारी ने बीकापुर में सुनीं शिकायतें, 16 निस्तारित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में तहसील बीकापुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कटारी गांव के शिकायतकर्ता नेराशन कार्ड में बच्चों के नाम जोड़ने की शिकायत की। डीएम ने सप्लाई इंस्पेक्टर को नाम जोड़ने के निर्देश दिया। करौंदी के शिकायतकर्ता से चकरोड पटवाने की शिकायत पर बीडीओ तारुन को कार्रवाई के लिए कहा। डीएम से तहसील बीकापुर में सभी पटलों से संबंधित प्रपत्र देखे। इसमें तत्काल ऑनलाइन वरासत कराके नकल की एक प्रति उपलब्ध कराई गई। समाधान दिवस में कुल 143 शिकायतें आई। इनमें से 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, उपजिलाधिकारी बीकापुर विकास धर दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, डीपीआरओ, तहसीलदार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**चोरी से मिट्टी खोदने पर रिपोर्ट दर्ज करने के दिए निर्देश**

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 146 शिकायतें आई। 6 शिकायतों का निराकरण किया गया। कोतवाली रुदौली के मोहल्ला गांधीनगर निवासी गयादीन गौतम ने एसडीएम न्यायालय पर बंटवारे के मुकदमे होने के बाद मुकदमा करने वाले राम लखन पर चोरी से मिट्टी खुदाई कर कर बेंचने की शिकायत की। उप जिलाधिकारी अशोक सैनी ने जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए। ग्राम रोजगांव की मुन्नी देवी ने कहा कि बैनामा की जमीन में गांव के राधेलाल छप्पर रखकर कब्जा कर रहे हैं। एसडीएम ने लेखपाल को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कायस्थाना के परवेज ने सरकारी इंटरलॉकिंग मार्ग पर मलवा गिराकर कब्जा करने वाले बकरीदी की शिकायत की। मोहल्ला सूफियान के मोहम्मद अकील ने दीवानी मुकदमे के दौरान निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत की। समाधान दिवस में तहसीलदार विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा, खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली मदन बरनवाल, कोतवाल रुदौली संजय मौर्य, थाना प्रभारी पटरंगा शशिकांत यादव रहे।

**जनसुनवाई पोर्टल** कब तक आएगी जांच रिपोर्ट, इसकी कोई सीमा तय नहीं

# शपथ पत्र नहीं तो जांच और कार्रवाई भी नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जांच और कार्रवाई के लिए जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया जाना बेकार है। जांच के लिए शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है। शपथ पत्र दे दिया तो जांच रिपोर्ट कब तक आएगी, इसकी कोई सीमा तय नहीं है। शिकायतों के निस्तारण में पंचायती राज विभाग अपने नियम चलाता है।

पंचायती राज विभाग द्वारा दो शिकायतों में तस्वीर ऐसी ही सामने आई। पहली शिकायत तारून की ग्राम पंचायतों जयसिंह मऊ और बल्ली कृपालपुर की है। यहां प्रधानों की फर्म से एक-दूसरे की ग्राम पंचायत में आपूर्ति करने का आरोप है। बल्लीकृपालपुर के ग्राम प्रधान से अपनी ही ग्राम पंचायत में मनरेगा में सप्लाई की गई। शासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी ग्राम प्रधान और सरकारी कर्मचारी ऐसी नहीं कर सकता। इसकी शिकायत गरौली के रहने वाले सुधीर तिवारी ने की। आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने इसका आनन-फानन निस्तारण कर दिया। शिकायतकर्ता सुधीर तिवारी ने बताया कि उन्होंने लिखा कि बिना शपथ पत्र बिना शपथ पत्र जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी जांच संभव नहीं है। पंचायती राज अधिनियम के हवाले से कहा कि ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत डीएम से शपथ पत्र के जरिए की जाने पर जांच और कार्रवाई होगी।

**शिकायतों के निस्तारण में पंचायती राज विभाग के अपने नियम**



> पंचायती राज अधिनियम 1997 में बाकायदा प्रावधान है कि ग्राम प्रधान के विरुद्ध शिकायत करने के लिए जिलाधिकारी को संबोधित शपथ पत्र देना होता है। आईजीआरएस में भी जांच की जाती है। इस मामले को फिर से दिखवा लेते हैं। – **अविनाश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी।**

ऐसे में सीएम के जनसुनवाई पोर्टल का औचित्य क्या है? जनसुनवाई पर शिकायत करने वालों को न्याय कैसे मिलेगा। वहीं जानकारों का तर्क है कि जिस पंचायती राज एक्ट का हवाला देकर गड़बड़ी को दफन करने की कोशिश है। वह साल 1997 में बना। तब जनसुनवाई पोर्टल था ही नहीं। पोर्टल तो आम लोगों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा लाया गया।

गरौली गांव के सुनील मौर्य ने ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत कर जांच के लिए छह दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी को शपथपत्र दिया। इसकी जांच लघु सिंचाई के सहायक अभियंता और युवा कल्याण अधिकारी अयोध्या को सौंपी गई। लगभग डेढ़ साल बीत गए। शिकायतकर्ता को अब तक न तो जांच रिपोर्ट में क्या आया इसकी जानकारी दी गई और न ही कोई कार्रवाई सतह पर आई। खासियत यह है कि शासन के प्रमुख सचिव रहे चंचल कुमार तिवारी के पत्र के मुताबिक शपथ पत्र से शिकायत करने के एक महीने के अंदर प्राथमिक जांच पूरी करने का आदेश है। जांच में भ्रष्टाचार साबित होने पर छह महीने में डीएम को ग्राम प्रधान आदि पर कार्रवाई का भी आदेश है। महज यह दोनों प्रकरण पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली और आम आदमी को न्याय देने की व्यवस्था को सामने ला रहे हैं।

# अयोध्या नगर निगम में खाली पड़े एक्सईएन के पद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अयोध्या नगर निगम में महीनों से अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) के पद खाली पड़े हैं। जलकल और निर्माण विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभागों का जिम्मा प्रभारी अधिकारियों के कंधों पर है। जलकल विभाग में तैनात रहे एक्सईएन अनूप सिंह के जाने के बाद से अब तक कोई भी नहीं आया है। उनकी जगह पर जय कुमार प्रभारी एक्सईएन का जिम्मा संभाल रहे हैं। निर्माण विभाग में भी स्थिति अलग नहीं है। यहां एक्सईएन रहे मोद नारायण झा के जाने के बाद से राजपति यादव भी प्रभारी के रूप में चार्ज देख रहे हैं।

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और पर्यटन विकास को देखते हुए शहर में बुनियादी ढांचे का विस्तार तेजी से हो रहा है, लेकिन प्रशासनिक रिक्तियां इस प्रक्रिया में बाधा बन सकती है। इसी मामले को देखते हुए पार्षदों की ओर से भी नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा गया था। कल्याण सिंह वार्ड 37 के पार्षद सूर्य कुमार तिवारी सूर्या ने निर्माण विभाग में स्थायी अधिशाषी अभियन्ता की मांग की थी। उनका मानना है कि अयोध्या जैसे वैश्विक महत्व के शहर में प्रशासनिक रिक्तियां विकास की गति को प्रभावित कर सकती है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि रिक्तियों के सापेक्ष पत्राचार किया गया है। शासन जल्द से जल्द स्थायी एक्सईएन यहां तैनात करेगा।




**निर्माण और जलकल में प्रभारी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी**




### आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना नहीं है।

| 41.0° | 28.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### आज के कार्यक्रम



- मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के एक स्कूल में कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन सुबह 10 :00 बजे से।
- श्री अयोध्या न्यास के संयोजन में नया घाट लता चौक पर विशाल भण्डारे का आयोजन सुबह 10 :00 बजे से।
- पूराबाजार के इटौरा में भंडारे का उद्घाटन पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय द्वारा दोपहर 12 :00 बजे से।
- पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा बड़ा मंगल को भंडारे का उद्घाटन लता मंगेशकर चौक में अपराह्न 12 :00 बजे से।

## पूर्व सैनिक और परिजन प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन


**अयोध्या, अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों/शहीद सैनिक वीर नारियों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों और उनके आश्रितों को इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण, कंप्यूटर टैली कोर्स और कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण कराया जाना है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले. कर्नल संजीव कुमार ने प्रशिक्षण के लिए जिले के इच्छुक लोग हाईस्कूल प्रमाण-पत्र और सैन्य सेवा पुस्तिका के पारिवारिक विवरण के साथ अपना प्रार्थना-पत्र, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में 25 जून तक प्रस्तुत कर सकते है।

**बिजली कटौती के संबंध में बात करने पर मुख्य अभियंता ने दिया जवाब | चौक, रिकाबगंज, नियावां, अमानीगंज में अघोषित कटौती जारी**

# आपकी बिगड़ी हो तो मैसेज कीजिए, औरों की चिंता छोड़िए

अयोध्या कार्यालय

- दूसरे दिन भी अयोध्या के कई इलाकों में रात भर गुल रही बिजली
- कई जगह लो-वोल्टेज की समस्या



"कुछ इलाकों में समस्या है, इसके लिए टीमें लगाई गईं हैं। वह अपना काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि सभी इलाकों में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहे। - **अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता वितरण**"

**अमृत विचार :** दोपहर में चल रही लू, रात में उमस भरी गर्मी, अधिकतम पारा 41 व न्यूनतम 28.5 डिग्री सेल्सियस, इस पर हो रही बिजली कटौती ने रामनगरी के निवासी व बाहर आए श्रद्धालुओं का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। राम की पैड़ी उपकेंद्र से जुड़े 25 हज़ार से अधिक उपभोक्ताओं का 30 घंटे से दिन का चैन व रात की नींद हराम हो गई है। अयोध्या शहर के चौक, रिकाबगंज, नियावां, अमानीगंज, कौशलपुरी समेत अन्य इलाकों में भी बिजली समस्या लोगों पर भारी पड़ रही है। इस संबंध में जब पॉवर कॉर्पोरेशन के मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया से सोमवार सुबह जब 10:30 बजे उन्हें कॉल की गई तो उन्होंने झुंझलाते हुए जवाब दिया कि आपकी बिगड़ी हो तो मैसेज कीजिए, औरों की चिंता छोड़िए...।

राम की पैड़ी फीडर से जुड़े इलाके रायगंज, रामघाट, प्रमोद वन, मणिराम दासजी की छावनी, बासुदेव घाट, तुलसी स्मारक भवन चौराहा, रानी बाजार, नयाघाट, खाले का पुरवा, वनवारी का पुरवा, लवकुशनगर समेत अन्य इलाकों में रहने वाले करीब 25 हजार से अधिक लोगों ने शनिवार रात बिना बिजली के रात गुजारी। वहीं रविवार रात भी नौ बजे गुल हुई बिजली देर रात एक बजे आई, सोमवार सुबह भी नौ बजे गुल हुई बिजली दोपहर 12:30 बजे आई। इसके बाद रात तक बिजली के आने जाने का क्रम जारी रहा। वहीं, टेढ़ी बाजार स्थित प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में 30 घंटे से बिजली गुल है, कभी चालू भी हुई तो लो-वोल्टेज की समस्या रही। इसके चलते लोगों को दिन व रात भीषण गर्मी में बितानी पड़ रही है। बिजली की आवाजाही से पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। यही हाल लक्ष्मण घाट, जलवानपुरा, चक्रतीर्थ, कैथाना, कटरा, झुनकीघाट समेत अन्य इलाकों का रहा।

### शहर के कई इलाकों में बिजली संकट

**अयोध्या, अमृत विचार।** अयोध्या शहर में भी बिजली संकट छाया हुआ है। चौक उपकेंद्र के अधीन हैदरगंज फीडर से चलने वाली आपूर्ति मानिकचंद्र गली में एबीसी केबल जलने से रविवार रात से ठप हो गई है। एबीसी केबल सोमवार दोपहर तक बदला नहीं जा सका और 11 हजार से अधिक उपभोक्ता रात से बिन बिजली के रहने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं द्वारा जानकारी किए जाने पर बताया जा रहा है काम चल रहा है, जैसे ही ठीक होगी आपूर्ति चालू होगी। हैदरगंज के मनमोहन अग्रहरि ने बताया कि रात से अब तक मोबाइल, इनवर्टर बैठ चुका है। लोग किराए पर जनरेटर लेकर दैनिक जरूरत पूरी कर रहे हैं। आरोप है कि उपकेंद्र द्वारा केवल ग्रुप पर सूचना देकर फोन नहीं रिसीव किया जाता है। वहीं अमानीगंज विद्युत सबस्टेशन के जय राजपुर फीडर पर केबल फाल्ट होने से विगत रात से बिजली आपूर्ति बाधित है। पूछने पर अधिकारी कह रहे हैं कि खराबी ठीक कराई जा रही है। इसके अलावा नियावां विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हसनू कटरा, सीमेंट कोठी, मछली मंडी आदि क्षेत्रों की आपूर्ति चरमराई हुई है। रिकाबगंज क्षेत्र में तो रविवार को पूरे दिन बिजली आपूर्ति आती-जाती रही। इन उप केंद्रों के अवर अभियंता उपभोक्ताओं की कॉल रिसीव नहीं कर रहे हैं। कर्मचारी मोबाइल स्विच ऑफ कर बैठ गए हैं। चौक अवर अभियंता नरेश जायसवाल ने बताया कि हैदरगंज की एबीसी केबल देर शाम तक बदल जाएगी।

## 50 आपत्तियों पर सुनवाई, 41 निस्तारित

अयोध्या कार्यालय।

- कौशलपुरी जोनल कार्यालय में सिंगल विंडो में पहुंचे गृह स्वामी
- विस्तारित क्षेत्र के तीन वार्डों से आईं करीब 650 आपत्तियां



कौशलपुरी जोन कार्यालय में आपत्तियों का निस्तारण करते मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार व मौजूद कर अधीक्षक जय प्रकाश।

**अमृत विचार :** नगर निगम सीमा अंतर्गत विस्तारित क्षेत्रों के गृह स्वामियों की आपत्तियों का निस्तारण शुरू हो गया है। कौशलपुरी जोनल कार्यालय में सिंगल विंडो में सोमवार को 50 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। इसमें से 41 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अभी लोगों के पास दो दिन का ही समय शेष है। अन्यथा उन्हें चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

आपत्तियों के निस्तारण के लिए कमेटी का गठन किया गया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि भवनों के संपत्ति कर के निर्धारण के लिए सर्वे के बाद वार्ड वार नोटिस भेजा जा चुका है। अब तक तीन वार्डों से 650 के करीब आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। पहले दिन 50 में से 41 आपत्तियां निस्तारित की गई हैं। बची 9 आपत्तियों में से तीन की स्थलीय जांच के लिए टीम को भेजा गया है। छह लोगों के दस्तावेज पूरे नहीं थे। उन्हें दोबारा बुलाया गया है। सबसे बड़ी बात यह रही कि 41 में से 20 लोगों ने तत्काल प्रभाव से पैसा भी जमा करा दिया। कमेटी में सहायक नगर आयुक्त व जोनल अफसर सौरभ नाथ और कर अधीक्षक जय प्रकाश भी शामिल हैं।

### कौशलपुरी वार्ड के लिए आज व कल का समय

राजस्व ग्राम के विस्तारित क्षेत्र में शामिल होने के बाद संपति कर का निर्धारण करने के लिए जीआईएस सर्वे कराया गया था। इस सर्वे के बाद गृह स्वामियों को कर के लिए नोटिस भेजा गया थी। इसमें साफ कहा गया था कि अगर गृह स्वामियों को किसी भी तरह की आपत्ति हो तो दर्ज करा सकते हैं। इसी के मद्देनजर आई आपत्तियों पर सोमवार को सुनवाई हुई है। अभी कौशलपुरी वार्ड 8 के लिए दो दिन का समय बचा है। इसमें गृह स्वामी अपने भवन के स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख, साथ ही भवन के कवर्ड एरिया और उपयोग सम्बन्धित साक्ष्य के साथ प्रस्तुत हो जाएं, ताकि आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त सम्पत्ति कर निर्धारित किया जा सके।

## बाइकों में टक्कर एक की मौत, तीन लोग घायल

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार:** तारुन थाना क्षेत्र में रविवार को दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई व तीन लोग घायल हो गये। अंबेडकरनगर के भीटी थाना क्षेत्र रूदऊपुर निवासी प्रवीन यादव पुत्र बाबूराम, प्रदीप यादव पुत्र रामचेत और सुनील यादव पुत्र राजितराम सोमवार को एक ही बाइक से तारुन बाजार आए थे। लौटते समय नंसा बाजार में इसी थाना क्षेत्र के ही भीटी रियासत निवासी कामेश्वर प्रताप सिंह पुत्र कृष्ण प्रताप की मोटरसाइकिल से आमने-सामने टक्कर हो गई। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचवाया। यहां डॉ. विकास कुमार ने प्रवीण कुमार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष संदीप त्रिपाठी ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जल्द बनायी जाएगी कटरा-दर्शननगर बाईपास रेलवे लाइन

अयोध्या कार्यालय।



- पूर्वोत्तर रेलवे ने 1.5 किमी की इस रेल लाइन के लिए सर्वे के लिए दी अनुमति
- अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ज्यादा बोझ न पड़े इसके लिए वर्ष 2022 में बनाई गई थी योजना

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे ने मनकापुर-अयोध्या जंक्शन रेलखंड पर स्थित कटरा स्टेशन से दर्शन नगर रेलवे स्टेशन के बीच 1.5 किमी. की बाईपास लाइन बनाने पर मुहर लगा दी है। इसके सर्वे के लिए चार लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके निर्माण के बाद गोरखपुर व गोंडा की ओर से आने वाली ट्रेनें अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन न जाकर सीधे दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी। इससे सीधे वाराणसी व अन्य जगह जाने वाले यात्रियों के समय की बचत तो होगी ही साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का बोझ भी नहीं पड़ेगा।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से पूर्व ही रेलवे को यह अंदाजा हो गया था कि भविष्य में यहां आने वाले यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा होगा। यात्रियों व श्रद्धालुओं को आवागमन में तकलीफ न हो, इसके लिए कई योजनाएं बनाई गई थी। सबसे पहले लखनऊ-अयोध्या-जफराबाद का दोहरीकरण व विद्युतीकरण व मनकापुर-अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड का विद्युतीकरण कराया गया। साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया गया। अयोध्या कैंट व दर्शननगर रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण अभी जारी है।

रेलवे ने योजना बनाई थी कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन व यात्रियों का बोझ ज्यादा न पड़े, इसके लिए लखनऊ की ओर से आने वाली ट्रेनों को अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर व वाराणसी व गोरखपुर व गोंडा की ओर से आने वाली अधिकतर ट्रेनों को अयोध्या धाम की बजाए दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए। इसके लिए वर्ष 2022 में पूर्वोत्तर रेलवे के रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन से दर्शननगर तक करीब 1.5 किमी. की दूरी पर एक बाईपास रेल ट्रैक बनाने की योजना बनाई गई थी। अब रेलवे ने इस मार्ग का फाइनल सर्वे करने की अनुमति दे दी है, साथ ही इसके लिए चार लाख रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

इससे पूर्व 21.9 करोड़ की लागत से दर्शननगर रेलवे स्टेशन को राम मंदिर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। साथ ही रामघाट हाल्ट स्टेशन को विकसित किया जा चुका है। पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता एके श्रीवास्तव ने बताया कि जल्द ही सर्वे कराकर इसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी।

## सर्किल रेट बढ़ने का पहले दिन दिखा मिला जुला असर

अयोध्या कार्यालय

- तहसीलों में कहीं कम तो कहीं ज्यादा हुई रजिस्ट्री

**अमृत विचार:** जिले में जमीन का डीएम सर्किल रेट बढ़ने का मिला जुला असर है। रेट बढ़ने के बाद भी सोमवार को किसी तहसील में जमीन की रजिस्ट्री कम हुई तो कहीं संख्या ज्यादा रही। हालांकि रजिस्ट्री कराने पहुंचे कुछ लोग चौंके जरूर, पहले पूछा था तो स्टैंप कम था लेकिन पहुंचे तो ज्यादा पैसे की व्यवस्था करनी पड़ी।

आठ साल बाद जमीन का सर्किल रेट बढ़ाया गया। शहरी व देहात क्षेत्र में जमीन की कीमतें तो पहले से आसमान छू रही हैं लेकिन सर्किल रेट बढ़ने का असर खरीदने और बेचने वालों पर पड़ने की आशंका थी। सात जून को डीएम सर्किल रेट लागू किया गया। आंकड़े बता रहे हैं कि बढ़ोत्तरी का मिला जुला असर रहा। हालांकि साथ ही यह भी जोड़ा जा रहा है कि सोमवार और शनिवार को निबंधन काम में थोड़ी सुस्ती रहती है। अब रेट का असर मंगलवार से दिखाई पड़ेगा। एआईजी स्टैंप योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को अलग-अलग तहसील क्षेत्र के उपनिबंधन कार्यालयों में रजिस्ट्री की संख्या अलग-अलग रही। सदर में औसतन 30 की जगह 33, बीकापुर में औसतन 12 की जगह 10, सोहावल में औसतन 18 की जगह 20 मिल्कीपुर में 10 की तुलता में 10 और रुदौली में औसतन 15 की जगह सात रजिस्ट्री हुईं,लेकिन राजस्व की दृष्टि से सर्किल रेट बढ़ने से सरकार के राजस्व में औसतन बढ़ोत्तरी कही जा सकती है। जमीन की खरीद-फरोक्त करने पहुंचे लोगों का कहना है कि आठ साल बाद रेट बढ़ाए जाने से सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी। रजिस्ट्री से यह बढ़ोत्तरी आगे औसतन 30 से 40 फीसदी तक जा सकती है।

### राम मंदिर के आसपास की जमीनें सबसे ज्यादा महंगी

**अयोध्या।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के आसपास की जमीनें सबसे ज्यादा महंगी हुई हैं। डीएम से जारी सर्किल रेट के अक आकलन के मुताबिक राम मंदिर के लगभग 10 किमी की परिधि में जमीनों के दाम दो सौ फीसदी तक ऊपर पहुंचे हैं। अयोध्या सदर तहसील के सब-रजिस्ट्रार शांति भूषण चौबे ने बताया, जिन क्षेत्रों में ज़मीन की ज्यादा खरीद-फरोख्त होती है वहां 150 फीसदी से 200 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जबकि अन्य क्षेत्रों में 30 से 40 फीसदी की वृद्धि देखी गई। बताया गया कि राम मंदिर के आसपास के इलाकों में जमीन काफी महंगी हो गई है। इन इलाकों में 26600 से 27900 प्रति वर्ग मीटर की नई दर लागू की गई है, जो पहले 6650 रुपये से लेकर 6975 रुपये तक थीं?

## पति सास व ससुर दहेज हत्या में दोषी करार

**सजा पर सुनवाई आज**

**अयोध्या, अमृत विचार :** दहेज के लिए विवाहिता की जान लेने के मामले में कोर्ट ने पति, सास व ससुर को दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 10 जून को होगी। फैसला अपर जिला जज रजत वर्मा की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि रामकरन निवासी चक पुरवा थाना मवई ने अपनी बहन मीरा की शादी मानापुर थाना पटरंगा के रहने वाले रजनीश उर्फ जगन्नाथ से की थी। शादी में बाइक और अपनी हैसियत के मुताबिक अन्य उपहार भी दिये थे। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज मायके वालों से 50,000 की मांग करने लगे। मायके वालों ने रकम दे पाने में असमर्थता जाहिर की तो मीरा को प्रताड़ित किया जाने लगा। इससे परेशान होकर मीरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी रिपोर्ट मृतका के भाई रामकरण ने पति रजनीश, ससुर चेतराम व सास छेदाना के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दहेज हत्या, दहेज के लिए प्रताड़ना और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।




**कारोबार** | होटल, रेस्टोरेंट व होमस्टे की कमाई बढ़ी, द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा व गर्मियों की छुट्टियों का दिख रहा असर

# रामनगरी में बढ़े श्रद्धालु, व्यापार में आई तेजी

अयोध्या कार्यालय।



रामपथ पर हनुमानगढ़ी चौराहे के पास श्रद्धालु व दुकानों पर लगी भीड़।

**अमृत विचार :** श्रीराम की नगरी अयोध्या एक बार फिर श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंगी नजर आ रही है। राम मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह और गर्मियों की छुट्टियों के चलते यहां श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। इस भीड़ ने स्थानीय व्यापार को नई उड़ान दी है। खासकर होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे व्यवसाय में ढाई माह की मंदी के बाद तेजी देखी जा रही है। रामपथ और भक्ति पथ पर दुकानों की चमक और पर्यटकों की चहल-पहल ने अयोध्या को आर्थिक समृद्धि की नई राह पर ला खड़ा किया है।

रामलला की 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा था। इस साल तीन से पांच जून तक राम दरबार और मंदिर परिसर के छह अन्य मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने एक बार फिर रामनगरी को आध्यात्मिक केंद्र बना दिया है। हालांकि अभी इन मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन नहीं मिल रहा है, इसके बाद भी रोजाना डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मियों की छुट्टियों के कारण परिवारों और स्कूली बच्चों की संख्या भी बढ़ी है, जिससे पर्यटन और व्यापार को बल मिला है। स्थानीय व्यापारी इससे उत्साहित हैं।

### व्यापार ने दिए रोजगार के नए अवसर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से लेकर अब तक करीब 1200 होटल और होमस्टे खुल चुके हैं। एक अनुमान के मुताबिक करीब आठ से 10 हजार लोग इन व्यवसायों के साथ अन्य व्यवसायों से जीवन यापन कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 20 जून से आम श्रद्धालुओं को राम दरबार व परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन करने देने की योजना बनाई है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके बाद अयोध्या में भीड़ में और इजाफा होगा, साथ ही व्यापार को और गति मिलेगी।



यशवीर सिंह

रामनगरी में होम स्टे चलाने वाले यशवीर सिंह ने बताया कि अब श्रद्धालु आ रहे हैं। कमरों की एडवांस बुकिंग भी हो रही है। एसी कमरों की मांग ज्यादा है। अधिकांश पर्यटक अतिरिक्त दिन रुकने की योजना बना रहे हैं। कहा कि ज्यादातर श्रद्धालु सुबह व शाम के समय दर्शन-पूजन व घूमने के लिए निकल रहे हैं।



डॉ. संजय पांडेय

रामपथ पर रेस्टोरेंट चलाने वाले डॉ. संजय पांडेय ने कहा कि ढाई महीने से व्यापार में सुस्ती थी, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा और छुट्टियों के कारण अब श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। गर्मियों के चलते श्रद्धालु ज्यादातर शीतल पेयजल व पानी की बोतल की मांग कर रहे हैं। सादा जलपान भी पसंद किया जा रहा है।

# यूपी व बिहार की निकटता से बदल सकती अर्थव्यवस्थाः विजय

## बिहार के उप मुख्यमंत्री न कहा- कृषि पर निर्भर करती हमारी सारी सभ्यता, कृषि संकल्प अभियान में चार प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश और बिहार की निकटता देश की अर्थव्यवस्था को बदल सकती है। हमारी सारी सभ्यता कृषि पर निर्भर करती है। होली हो या दीवाली, त्योहारों की परंपरा के अनुसार हमारे घरों में पकवान भी अलग-अलग बनते हैं। ये बातें सोमवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट सभागार में सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान को संबोधित कर रहे थे।




कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा। अमृत विचार

उन्होंने कृषि को चमत्कारीय शक्ति का दर्जा देते हुए कहा कि किसान खेतों में एक बीज डालता है तो उससे कई पौधे निकलते हैं। वर्तमान समय में किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने व सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने की जरूरत है। हमें किसानों की आय को दोगुणी करने का प्रयास करना होगा।

बोले कि विहार में मक्का, गेहूं और धान के क्षेत्र में दोगुणा उत्पादन हुआ है। हम बिहार को उत्पादक के रूप में ही नहीं निर्यातक के रूप में विकसित करने का कार्य कर रहे हैं। मिट्टी की सेहत में सुधार और जलसंचय को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमारी सांस्कृतिक विरासत कृषि पर आधारित है। राजा जनक का उदाहरण देते हुए बताया कि अकाल में उन्होंने स्वयं खेत जोता था। बिहार में सीमांत किसानों की अधिक संख्या के बावजूद कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

कृषि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार प्रगतिशील किसानों मंशाराम, राजबहादुर वर्मा, सुरेंद्र सिंह, रमाशंकर को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने हाथों सम्मानित किया। कृषि उपयोगी कृषि तकनीक पुस्तक का भी विमोचन किया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रतिदिन तीन चरणों में चल रहा है। खरीफ की फसल के लिए किसान जागरूक हो रहे हैं। कृषि में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगे। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एके मिश्रा ने कहा कि सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। कृषि उत्पादकता में अंतर न्याय पंचायत स्तर पर पाटने का प्रयास हो रहा है।

कार्यक्रम में डॉ. केएम सिंह, डॉ.वीपी शाही, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. शशांक, डॉ. रत्नाकर और डॉ. नवनीत ने भी किसानों से कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी साझा की। आठ जिलों के किसानों ने हिस्सा लिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ किया गया। स्वागत संबोधन निदेशक प्रसार डॉ. रामबटुक सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने किया। संचालन सह प्राध्यापक डॉ. सुप्रिया ने किया। कार्यक्रम में सभी अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, आठ जिलों के किसान, अयोध्या के कृषि अधिकारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम।

### भाजपा की नीतियों से सब त्रस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सोमवार को सदर बाजार और माँ पाटेश्वरी वार्ड में वार्ड स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। महानगर प्रभारी अमित जायसवाल ने कहा कि देश के गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, युवा और महिलाएं भाजपा की नीतियों से सब त्रस्त हैं। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कांग्रेस की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने और संविधान बचाने के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी रोज बढ़ती जा रही है। सदर बाजार की बैठक की अध्यक्षता महानगर महासचिव रामनाथ शर्मा और मां पाटेश्वरी वार्ड की बैठक की अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने की। संचालन महानगर सचिव विजय यादव ने किया। बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, सविता, रामनाथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

### एडीएम सिटी ने किया जिला रायफल क्लब का भ्रमण



एडीएम सिटी योगानंद पाण्डेय का स्वागत करते क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा।

**अयोध्या, अमृत विचार :** नवागत एडीएम सिटी योगानंद पाण्डेय ने जिला रायफल क्लब परिसर का भ्रमण कर शूटिंग से संबंधित आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रायफल व पिस्टल रेंज का अवलोकन किया। स्वयं भी निशानेबाजी में हाथ आजमाया। उन्होंने कहा कि अयोध्या जिले के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि यहां एक सक्रिय और प्रशिक्षित रायफल क्लब संचालित हो रहा है। उन्होंने कोच शनि कुमार वर्मा के प्रशिक्षण कार्यों की प्रशंसा भी की।

### प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए 21 तक खुला रहेगा ऑनलाइन पोर्टल

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत एनईपी 2020 के अंतर्गत संचालित स्नातक द्वितीय, चतुर्थ व छठे सेमेस्टर और परास्नातक द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर वर्ष 2025 की प्रायोगिक/सेशनल /प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षाओं के संपादनार्थ ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 21जून तक खुला रहेगा। परीक्षा नियंत्रक विनय सिंह ने बताया कि तत्संबंधी महाविद्यालय/ संस्थान उक्त अवधि में प्रायोगिक/सेशनल /प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षाओं को संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

### चार सगे भाईयों समेत छह को उम्रकैद की सजा

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** सात साल पूर्व हुई हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने चार सगे भाईयों समेत छह को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक को 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय क्षेत्र में हत्या की घटना के संबंध में हरिश्चन्द्र व विनोद, लल्लन उर्फ प्रेमचन्द्र व पप्पू उर्फ दीपचन्द्र, पिन्टू उर्फ अरूण कुमार व उत्तम उर्फ जयनरायन निवासीगण खुर्दा थाना रामनगर के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विभिन्न धाराओं के इस प्रकरण में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश डीजे कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया और प्रत्येक को आजीवन कारावास व 10 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# मुख्यमंत्री योगी आज गिनाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

- 21 तक चलेगा 11 वर्षों पर केंद्रित प्रदेशव्यापी अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। 21 जून तक विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियां, प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि मंडलों में संकल्प सभाएं और शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कांफ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष समेत सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर बोलेंगे। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता 'बदलता भारत मेरा अनुभव' विषय पर कराई जाएगी। मायजीओवी पोर्टल पर जाकर शार्ट वीडियो, ब्लाग व क्विज में हिस्सा ले सकेंगे। वहीं, मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने को लेकर 13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों को विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाने के साथ ही संकल्प की प्रति भी भेंट की जाएगी।

## मेंथा की टंकी फटने से चार झुलसे, तीन रेफर

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मेंथा टंकी फटने का दूसरा हादसा हुआ है। सोमवार को मेंथा पेराई के दौरान टंकी फटने से दम्पत्ति व इनके दो पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। इन सभी को एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां दम्पत्ति व एक पुत्र को लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मेंथा टंकी फटने की घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा गजनी में सोमवार को हुई। यहां के रहने वाले राम कुमार (52) अपने मेंथा की फसल की पेराई कराने के लिए गांव के राजाराम की टंकी पर गया था। सोमवार की दोपहर उसकी पत्नी श्यामा देवी (48) पुत्र अजय कुमार (25) व सोना (19) के साथ मेंथा पेराई कर रहा थे। इस दौरान टंकी में भार झोंकते समय अचनक तेज धमाके के साथ टंकी फट गई। इस हादसे में आस पास मौजूद सभी लोग झुलस गए। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां से राम कुमार, श्यामा देवी व सोना को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# अहिल्याबाई ने महिला समाज को वीरता का पाठ पढ़ाया : महापौर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** महावीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव वर्ष पर सोमवार को सर्किट हाउस में दो दिवसीय निबंध प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन अवध ग्रामोद्योग समिति सुल्तानपुर द्वारा किया गया। इसमें अवधी लोक समूह समिति अयोध्या के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का समापन महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया।

महापौर ने कहा कि वीरांगना और देश के इतिहास में अपने किए गए कार्यो से राजमाता अमर हो गई। उन्होंने महिला समाज को वीरता का पाठ पढ़ाया, जिसके लिए उन्हें हम आज भी याद करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने की। संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे रहे। अतिथियों का स्वागत अवध ग्राम उद्योग समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने किया। इस अवसर पर समिति के कलाकारों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान भाजपा नेता करुणाकर पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, सुनील तिवारी, बबलू मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।



प्रमाणपत्र के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले कलाकार।

- दो दिवसीय निबंध प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# तीन गांवों में वैज्ञानिक और किसानों के बीच संवाद

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचारः** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक की टीम ने नौ जून को खेती किसानी को लेकर किसानों से सीधा संवाद किया। आयोजन सोहावल ब्लॉक में ग्राम पंचायत इस्माइलनगर सिंहोरा, मुस्तफाबाद और मीरपुर कांटा में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुआ।

मुस्तफाबाद में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू पाण्डेय ने भी किसानों को संबोधित किया। ग्राम प्रधान नदीम मालिक की अध्यक्षता में जिला कृषि अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्राकृतिक खेती, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताया। प्रधान वैज्ञानिक इंडियन सुगरकेन रिसर्च इंस्टिट्यूट डॉ. एनकेके राठौड़ ने गन्ना की खेती की वैज्ञानिक विधि के बारे में बताया। एडीओ कृषि रंजीत त्रिपाठी ने खरीफ में कृषि निवेश की उपलब्धता और उनके प्रयोग के बारे में जानकारी दी। मौके पर पशुपालन विभाग के एएन शुक्ला, उद्यान विभाग से चंद्रभानु शुक्ला, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक गन्ना विभाग तुलसीराम यादव ने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

मौजूद किसानों ने वैज्ञानिकों से कृषिगत विषय पर चर्चा, परिचर्चा की। प्रगतिशील किसानों ने अपने विचार भी साझा किये। प्रगतिशील किसान लालता पाण्डेय, द्वारिका प्रसाद, राधेश्याम मौर्या, राम बसंत सहित बड़ी संख्या में अन्य कृषक मौजूद रहे।



समारोह को संबोधित करते हुए जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 11 जून 2025 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिए है। सैमसंग कंपनी इस मेले में 18 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नौकरी का अवसर प्रदान करेगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 13 हजार रुपये तक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 11 जून को सुबह 10 बजे संस्थान परिसर में पहुंच सकते हैं। उम्मीदवारों को अपने साथ मोबाइल फोन लाना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए संस्थान में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा।

## रेल की पटरी पर मिला सुल्तानपुर के वृद्ध का शव

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुल्तानपुर जिले में चाय का होटल चलाने वाले एक वृद्ध का शव रेल पटरी के किनारे पड़ा मिला। आशंका है कि इसकी मौत चलती ट्रेन से गिरकर हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जिला सुल्तानपुर थाना कादीपुर के शास्त्रीनगर पुरानी बाजार के रहने वाले सुभाष सेठ 60 पुत्र स्व. राम प्रताप सेठ चांदा रोड बस स्टाप के निकट चाय का होटल चलाते थे। सोमवार को उनका शव हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेल पटरी के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान कराई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका है।

**ग्लोबल गर्ल्स कॉलेज**
शहबाजपुर, रुदौली, अयोध्या

**में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।**

**परास्नातक स्तर पर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम** हेतु गृह विज्ञान, भूगोल विषय में 02–02 पद प्रवक्ताओ की।

**योग्यता एवं वेतन** आय यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवसों के अंदर महाविद्यालय के पते पर संपर्क स्थापित करें।

**भवदीय – प्रबंधक**
**मो0.नं0–9415418951**

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा

- सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी। इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा। केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग पूरी की जाएगी।

## मेडिकल स्टोर पर छापा 31 हजार की दवाएं सीज

**बाराबंकी।** डीएम के निर्देश पर अवैध दवा कारोबार पर नकेल कसने के तहत सोमवार को औषधि निरीक्षक सीमा सिंह द्वारा ग्राम अकंभा घाट में श्री राधा मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। यह स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित हो रहा था। छापे के दौरान करीब 31 हजार की एलोपैथिक दवाएं जब्त की गईं, साथ ही एक दवा का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है। स्टोर का संचालन मोनू पुत्र सतगुरु व कुलदीप यादव पुत्र सुंदरलाल, निवासी ग्राम डिंगरी द्वारा किया जा रहा था। औषधि निरीक्षक ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिह्नित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं। पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशुलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं।

सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।



- विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

**इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में**

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

**बृजलाल पाण्डेय महाविद्यालय, बैरीपुर रामनाथ, मनकापुर, गोण्डा उ0प्र0**

में आवश्यकता है

प्राचार्य–01 पद, स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास) तथा बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (भूगोल, गृहविज्ञान एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में तथा एम.एससी0 पाठ्यक्रम में (भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।**

**दिलीप कुमार पाण्डेय**
**मो0नं0–9839330048**

**कार्यालयः प्रधानाचार्य राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या।**

पत्रांक– मे0का0अ0 / 2025 / 1342 दिनांकः 09 जून, 2025

सेवायोजन विज्ञप्ति सूचना

महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या –एम0ई0–03/2024/2443 दिनांक–22.10.2024 के क्रम में राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या में चिकित्सालय प्रबन्धन हेतु 05 नॉन पी0जी0जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) के पदों पर चयन हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते है–

नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) के पदों का विवरण–

| क्र0 सं0 | विशिष्टता | पदों की संख्या | शैक्षणिक अर्हता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नॉन पी0जी0 जे0आर0 (अस्पताल प्रशासन) | 05 | मान्यता प्राप्त एम0बी0बी0एस0/ बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सालय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0 डिग्री – मास्टर्स इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन । | वेतनमान वेतन बैण्ड रू0 15600–39100, पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल– 10 56100–177500 |

नियम / शर्ते/ निर्देशः

1– इच्छुक अभ्यथी उक्त पद पर चयन हेतु दिनांक – 19.06.2025 तक अपने आवेदन समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रतियों सहित प्रधानाचार्य कार्यालय में अथवा ई–मेल (Principalgmcayodhya@gmail.com) प्रेषित कर सकते है

2– उक्त पदो पद चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक – 25.06.2025 दिन– बुधवार को पूर्वान्ह 11: 00 से अपरान्ह 02: 00 बजे तक राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या के गंजा परिसर काउंसिलिंग हाल में अयोजित होगा। इसके उपरान्त पद भरे जाने की स्थिति में प्रत्येक मंगलवार ( अवकाश के दिनो को छोडकर) को यथासमय अयोजित किये जाते रहेगें।

3–साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र के साथ समस्त अंकतालिकाओं एवं प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित छायाप्रति के साथ 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। निर्धारित प्रारूप किसी भी कार्यदिवस में प्रधानाचार्य कार्यालय से अथवा चिकित्सा महाविद्यालय की वेवसाइट https://asmcayodhya.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

4– पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

5– जूनियर रेजीडेन्ट (अस्पताल प्रशासन) के पदों का न्यूनतम कार्यकाल 03 माह अथवा अधिकतम 01 वर्ष का होगा ।

6– उक्त पदों पर आरक्षण राज्य सरकार द्वारा जारी मौजूदा नियमों एवं शासनादेशों के अनुसार देय होगा ।

7– साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता / अन्य भत्ता देय नही होगा ।

**प्रधानाचार्य**
**राजर्षि दशरथ स्वशासी**
**राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या ।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरी पुत्री का नाम पोस्ट आफिस के खाते की पासबुक में त्रुटिवश रचिता शर्मा पुत्री रेखा कुमारी अंकित हो गया है। जबकि उसके आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में उसका सही नाम काव्या शर्मा (KAVYA SHARMA) अंकित है। आज से काव्या शर्मा (KAVYA SHARMA) के नाम से जाना व पहचाना जाये। महेश कुमार शर्मा, नि.–शिक्षक कालोनी, स्टेट बैंक के पीछे, सदरपुर करोरा, गोसाईगंज, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि गैजेट हेतु मेरे आधार कार्ड में त्रुटि बस मेरा नाम लक्ष्मी कांत मिश्रा व (Lalit Mohan Yadav) दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज में मेरा सही व वास्तविक नाम ललित मोहन यादव है। यह उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं। **ललित मोहन यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी ग्राम चन्दीपुर मखुवापुर, कमलापुर सिधौली पिन कोड 261302 उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैं **मोईन उल्ला पुत्र आविद उल्ला खान निवासी ग्राम इटरैर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी,** मै अपने पुत्र जावेद अहमद को गलत संगत मे पड़ने के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूँ, और मै अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य मे अपने किसी भी कृत्य मे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं NASIBULLAH S/O AMANULLAAH KHAN निवासी लालगंज सीतारामपुर ग्रांट गोंडा का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर NASIBULLAH AMANULLAH KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैनें अपने पुत्र देवेंद्र कुमार व पुत्रवधू सरिता कुमारी के गलत अचारण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये कार्यो से मुझे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **कमलेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी – भरतपुर, कखावतू, औरैया**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मी रायतानी पुत्री गोवर्धन दास रायतानी जिला – गोण्डा का विवाह उपरांत श्रीमती रश्मी साधवानी पत्नी पंकज कुमार साधवानी पुत्री गोवर्धन दास साधवानी नाम हो गया है दोनों उक्त नाम एक ही महिला का है यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो उक्त के संबंध में मेरी शाखा पंजाब नेशनल बैंक शाखा केशवपुर पहाड़वा जिला गोण्डा पर एक सप्ताह में संपर्क करें । **द्वारा शाखा प्रबंधक , पंजाब नेशनल बैंक, शाखा केशवपुर पहाड़वा, जिला गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **रजनी देवी शुक्ला पत्नी स्व0 चन्द्रकेतु शुक्ला नि0 एल0पी0 2561 महर्षि नगर लखपेडाबाग तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी** दिनांक 17–11–2020 को तहसील नवाबगंज में अपने प्लाट सं0 289 की खतौनी लेने गयी थी और अपने साथ प्लाट के रजिस्ट्री के पेपर अपने बैग में रखकर ले गयी थी। जो गिरकर वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मै शिव कुमार सिंह पुत्र स्व. गुरू प्रसाद सिंह निवासी 592/3बी /127,गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ हूँ। मेरा वास्तविक नाम शिव कुमार सिंह है। जन्म तिथि 28/8/ 1954 है। जो पैन एवं आधार कार्ड पर अंकित है। यही वास्तविक नाम है। जबकि शैक्षणिक अभिलेखों एवं पासपोर्ट सं0 एम 9294219 में शिव कुमार अंकित हो गया है। **शिव कुमार सिंह–592 /3बी /127, गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ**

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में कानून गो को नोटिस जारी

जिला संवादाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के जलालपुर तहसील में तैनात कानूनगो मयाराम यादव को लोकायुक्त ने अंतिम नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई एक शिकायत के बाद की गई है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि मयाराम यादव ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। बता दें कि लोकायुक्त ने मयाराम यादव से उनकी आय और व्यय का विवरण मांगा था, लेकिन उन्होंने अभी तक यह जानकारी नहीं दी है। इसलिए, लोकायुक्त ने उन्हें अंतिम अवसर देते हुए 21 मई को एक नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में मयाराम यादव को 20 जून तक अपना और परिवार का आय व्यय विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। यदि वह इस तिथि तक यह जानकारी नहीं देते हैं, तो लोकायुक्त उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर सकता है। यह शिकायत देवरिया जनपद के एक व्यक्ति द्वारा दाखिल की गई थी। जिसमें मयाराम यादव पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करके अवैध संपत्ति अर्जित की है। लोकायुक्त ने इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए मयाराम यादव को नोटिस जारी किया है।

# अनियंत्रित कार की टक्कर से शौच के लिए जा रहे अधेड़ की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर

▸▸ **पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर ड्राइवर को दबोचा**

**अमृत विचार:** शौच के लिए जा रहे अधेड़ को तीव्र गति से आ रही चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गई, जिससे अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के पास सोमवार सुबह घटित हुई।

बता दें कि मृतक के भाई राममिलन निवासी महमूदपुर थाना जैतपुर ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

विक्रमादित्य सोमवार सुबह जिनकी उम्र 67 वर्ष है, घर से पूरब शौच के लिए जलालपुर से रामगढ़ सड़क पर लगभग 300 मीटर प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के पास जा रहे थे, कि तभी पश्चिम तरफ से आ रही चार पहिया वाहन को कुनाल सिंह निवासी कोपा ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से चलाते हुए मेरे भाई को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टैंकर की टक्कर से महिला की गई जान

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर, अमृत विचार :** अपनी बहन के लड़के के साथ निमंत्रण से लौट रही महिला का टैंकर की टक्कर से मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया तथा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना कटका थाना क्षेत्र के दुल्हूपुर बाजार में सोमवार सायं लगभग 6 बजे हुई। सुल्तानपुर जनपद के कुंदा भैरोपुर गांव निवासिनी किरन 50 वर्ष अपनी बहन के लड़के प्रतीक 22 वर्ष के साथ आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना अंतर्गत गांव अवनाथपुर से निमंत्रण करके घर वापस आ रही थी, तभी दुल्हूपुर बाजार में एक टैंकर ने टक्कर मार दिया जिससे किरन की मौके पर ही मौत हो गई तथा प्रतीक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया तथा घायल प्रतीक को इलाज हेतु सेमरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मूलरूप से टड़वा दरव मैंदी गांव के रहने वाले सती राम सुबह करीब 10 :30 बजे अपनी बाइक से हंसवर जा रहे थे। जैसे ही वह डड़वा आरा मशीन के पास पहुंचे, उसी समय झंझवा रोड की तरफ से एक गल्ला लदा ट्रैक्टर–ट्रॉली ने अनियंत्रित होकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद सती राम गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घायल सती राम को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हंसवर थाना प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर और बाइक को कब्जे में ले लिया गया है।

## एक नजर

### शादी समारोह में हुई जमकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** बसखारी थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हिंसक झड़प हो गई। भेडिया भिदूण गांव में जयमाल समारोह के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी से मामला बिगड़ गया। घटना आजमगढ़ के छेड़ी मझउवा से आई बारात के दौरान हुई। बता दें कि बिंदु के घर में जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बारात में आई कुछ गाडियों के शीशे भी तोड़ दिए गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि पीडित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर :** अहिरौली थाना पुलिस ने चोरी के दो मामलों का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अहिरौली थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है। चोरों ने दोनों चोरी की घटनाओं को बीते मई में अंजाम दिया था। बता दें कि पहली घटना 19 मई को ग्राम पकड़ी डल्लापुर में और दूसरी 23 मई को ग्राम सरैया लम्बरदारी केंवारी में हुई थी। अज्ञात चोरों ने सोने–चांदी के गहने और नकदी पर हाथ साफ किया था। पुलिस ने खेमापुर नहर के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में नीरज (23) वर्ष निवासी ग्राम बवरे भवानीगढ़, जितेन्द्र गुप्ता (33) निवासी ग्राम अन्नावां बाजार और विनोद कुमार (44) वर्ष निवासी ग्राम रनीवां कर्माजीत शामिल हैं।

### स्कूल गई किशोरी लापता पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** किशोरी को भगाए जाने के मामले में जलालपुर पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच–पड़ताल शुरू कर दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र का है। पीड़ित पिता ने पुलिस को रविवार को तहरीर देते हुए बताया की 7 जून को दोपहर मेरी पुत्री स्कूल जाने की बात कह कर घर से निकली, लेकिन अभी तक वापस नहीं आई। पुत्री एक नंबर से बात करती थी, इसलिए हमको पूर्ण विश्वास है कि मेरी पुत्री को उक्त नंबर से बात करने वाले ने भगा ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच–पड़ताल शुरू कर दिया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच–पड़ताल की जा रही है।

### आयोग की सदस्य कल सुनेगीं शिकायतें

**अंबेडकरनगर :** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द 11 जून को एक दिवसीय जनपद के दौरे पर रहेंगी। वह बुधवार को सर्किट हाउस में पूर्वाह्न 11 बजे महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा करेंगी। वहीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं भी सुनेगीं।

# 462 शिकायतों में सिर्फ 39 का हुआ निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस: भीटी में सीडीओ, एडीएम न्यायिक और अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** शासन के मंशानुसार जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए जनपद के समस्त तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 462 शिकायतें आईं जिनमें से मौके पर सिर्फ 39 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

तहसील भीटी में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष कुल 167 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से मौके पर 15 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष 152 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी




भीटी तहसील में शिकायतें सुनते सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला व अन्य अधिकारी।

न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, उप जिलाधिकारी भीटी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी के समक्ष कुल 95 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से 9 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित किया गया। वहीं शेष 86 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी के समक्ष 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 5 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित किया गया। वहीं शेष 50 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष कुल 50 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 3 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष 47 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्राप्त करा दिया गया है। तहसील जलालपुर मे संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी के समक्ष स्रकुल 95 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 8 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष 87 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए हैं।



जलालपुर में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसडीएम पवन कुमार जायसवाल।

### उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** सोमवार को जलालपुर के सभागार ने उपजिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में पहुंचे अजमलपुर निवासी दीपक ने बताया की सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास का पैसा मिलने के बाद पुराने मिट्टी के मकान को तोड़कर नया मकान बनाया जा रहा था, लेकिन विपक्षियों द्वारा आए दिन लगातार विरोध करते हुए मकान बनाने का लगातार विरोध कर रहे हैं। वहीं हरिपालपुर गांव निवासी ने बताया कि अपनी खतौनी की जमीन में मकान बनाने पर विपक्षियों द्वारा आए दिन फौजदारी आमादा हो जाते हैं, जिसके कारण मकान नहीं बन पा रहा है। अशरफपुर भुआ निवासी परशुराम ने बताया कि बीती 6 महीने से बैनामे की जमीन पर विपक्षियों द्वारा कब्जा नहीं लेने दिया जा रहा है और जब कब्जा करने का प्रयास किया जाता है तो विपक्षियों द्वारा आए दिन मारपीट की जाती हैं। पिंडोरिया निवासी मोतीलाल ने बताया कि मेरे खतौनी की जमीन के बगल बंजर जमीन है, जिसे पैमाइश कराते अपने खतौनी की जमीन को का बाउंड्री वॉल कराना चाहता हूं, जिसके लिए बीते 6 महीने से लगातार तहसील का चक्कर लगा रहा हूं, लेकिन सम्बंधित अधिकारी पैमाइश करने को तैयार नहीं है। इस मौके पर सीओ अनूप कुमार सिंह, तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, कोतवाल संतोष कुमार सिंह, कटका थाना अध्यक्ष प्रेमचंद, मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपा ने सिर्फ इवेंट मैनेजमेंट किया : डॉ. विजय शंकर



डॉ. विजय शंकर तिवारी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उप्र कांग्रेस के सदस्य डॉ. विजय शंकर तिवारी ने मोदी सरकार के 11 साल के जश्न पर कहा कि गुजरात मॉडल के नाम पर सत्ता में आई भाजपा ने केवल और केवल इवेंट मैनेजमेंट किया। वित्त, विदेश तथा अर्थव्यवस्था में देश को बदहाली की ओर ढकेल दिया। जिस रुपए के गिरने पर गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री के प्रतिष्ठा के गिरने की बात करते थे, वहीं रुपया 85 पार कर गहरी खांईं में जा गिरा। उन्होंने कहा कि मंहगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजग़ारी अपने चरम पर है। भाजपा राज में पेपरलीक ने युवाओं और उनके अभिभावकों का मनोबल तोड़ा है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने–बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, नमामि गंगे, हर साल सौ स्मार्ट सिटी सबके सब फेल जुमला साबित हुए। मोदी सरकार के 11 साल के जश्न की पोल और नाकामी मुंबई लोकल रेलवे की दुखद घटना बयां कर रही है।

### नसबंदी के ऑपरेशन के बाद महिला हुई गर्भवती

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** टांडा कोतवाली क्षेत्र में एक महिला नसबंदी ऑपरेशन के बावजूद गर्भवती हो गई। जब यह बात परिवार को पता चला तो वह महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर जांच में पता चला कि महिला ढाई माह की गर्भवती है। महिला और उसके परिजन गर्भपात कराना चाहते हैं। पहले उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जीवित भ्रूण का गर्भपात करने से मना कर दिया। फिर उन्हें जिला अस्पताल में एक महिला डॉक्टर ने भ्रूण को समाप्त करने की दवा दी। दो दिन बाद गर्भपात का वादा किया, लेकिन जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया है। नर्स ने बताया कि भ्रूण की मृत्यु हो चुकी है और इसे जल्द निकालना होगा। इसके बाद महिला को महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। वर्तमान में महिला को वहां भर्ती किया गया है। सीएमओ संजय कुमार सैहवाल ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सीएमएस पीएन यादव ने उन्हें नसबंदी के बाद महिला के गर्भवती होने की जानकारी दी है।

### टूलकिट योजना के तहत साक्षात्कार का आयोजन आज

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के तहत साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 10 जून को सुबह 11 बजे से उपायुक्त कार्यालय में शुरू होगा। उपायुक्त एस सिद्दीकी ने बताया कि साक्षात्कार उनकी अध्यक्षता में गठित समिति के सामने होगा। इस साक्षात्कार में ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। विशेष बात यह है कि 2 और 3 जून को आयोजित पिछले साक्षात्कार से वंचित रह गए अभ्यर्थियों को भी इस बार मौका दिया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे। उन्हें निर्धारित समय पर जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

### पुलिस ने 676 वाहनों का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर 1 अप्रैल से यह सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। प्रभारी यातायात निरीक्षक जय बहादुर यादव ने बताया कि पुलिस टीम ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच कर रही है। 1 जून से अब तक की कार्रवाई में 676 वाहनों का चालान किया गया है। 17 वाहनों से 19 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की विशेष जांच में 53 चालकों की जांच की गई। जिनमें से दो चालक शराब के प्रभाव में पाए गए। दोनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### खरीफ फसल के लिए 31 जुलाई तक करा सकते हैं बीमा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसान अपनी खरीफ फसल का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बीमा कंपनी नियुक्त किया गया है। उप कृषि निर्देशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि धान की पुसल के लिए 92 हजार 300 रुपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि पर किसानों को मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। यह राशि 1 हजार 846 रुपये है। योजना में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति को कवर किया जाएगा। इसमें प्रतिकूल मौसम के कारण बुआई न कर पाने की स्थिति शामिल है। खड़ी फसल को नुकसान और फसल कटाई के बाद हुए नुकसान भी कवर किए जाएंगे। फसल में 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर तत्काल सहायता दी जाएगी। किसान अपने नजदीकी क्षेत्रीय बैंक शाखा से बीमा करा सकते हैं। जन सेवा केंद्र या पीएमएफबीवाई पोर्टल पर भी बीमा कराया जा सकता है। फसल को नुकसान होने पर 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना देना जरूरी है। बीमा कंपनी गारंटीड थ्रेशोल्ड उपज से कम वास्तविक उपज होने पर क्षतिपूर्ति देगी।

### पात्रता सूची तैयार होने के बाद लाभार्थियों का होगा चयन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना 2 .0 के तहत 77 हजार 235 लोगों ने आवास पाने के लिए आवेदन किया है। जिनमें से 34 हजार 701 आवेदन लोगों ने स्वयं वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। बाकी 42 हजार 534 आवेदन विभाग द्वारा कराए गए सर्वेक्षण से प्राप्त हुए हैं। बता दें कि जनपद के सभी नौ विकास खंडों में 303 सदस्यीय सर्वे टीम ने आवेदन प्रक्रिया को पूरा किया है। अब पात्रता की जांच चल रही है। सत्यापन प्रक्रिया में सबसे पहले सभी आवेदनों की भौतिक जांच शुरू की गई है। जिसमें लाभार्थी की आवासीय स्थिति, आय वर्ग और भूमि स्वामित्व की समीक्षा की जा रही है। परियोजना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पात्रता सूची तैयार होने के बाद लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद आवास निर्माण की स्वीकृति जारी होगी। प्रत्येक लाभार्थी को निर्धारित किस्तों में आर्थिक सहायता दी जाएगी। पहली किस्त भूमि सत्यापन और स्वीकृति के बाद जारी की जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के निर्देशन में चल रही है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के तरवां ब्लॉक अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र रोवापार पर पूजा कुमारी की बी .पी .एल . वरीयता के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति की गई थी। उनकी नियुक्ति के लिए 1 अप्रैल 2025 को योगदान पत्र जारी किया गया था। हालांकि, नियुक्ति के बाद जितेन्द्र सिंह, निवासी शाहपुर, परगना देवगांव, तहसील लालगंज, ने शिकायत दर्ज की कि पूजा कुमारी ने एक ही माह में दो अलग–अलग आय प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनवाकर नौकरी हासिल की। जांच के दौरान मामला सही पाया गया। जिसके तहत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया क्योंकि नियुक्ति आदेश में स्पष्ट था कि यदि कोई दस्तावेज या सूचना असत्य, फर्जी या कूटरचित पाई जाती है, तो नियुक्ति रद कर दी जाएगी। शासनादेश के प्रावधानों के अनुसार, आय प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पूजा कुमारी को पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया। उनके जवाब के आधार पर और शासनादेश के अनुरूप जिलाधिकारी ने पूजा कुमारी की मानदेय आधारित सेवा समाप्त करने का अनुमोदन कर दिया।

## पुलिस ने पांच बाइक के साथ दो चोरों को किया गिरफ्तार




पुलिस हिरासत में गिरफ्तार अभियुक्त। अमृत विचार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिले के मेंहनगर थाने की पुलिस ने सोमवार को वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। पुलिस ने चोरी की पांच बाइक, एक तमंचा, कारतूस, चाकू और नौ हजार रुपये नकद के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। वहीं दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।

थानाध्यक्ष अनुराग कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने यह कार्रवाई घिनहापुर प्राथमिक विद्यालय के पास सोमवार सुबह करीब नौ बजे की। गिरफ्तार आरोपियों में तरवां थाना क्षेत्र के दर्रोपुर गांव निवासी आनंद यादव, जहानागंज थाना क्षेत्र के बड़ौरा बुजुर्ग गांव निवासी मनीष पाल शामिल हैं। वहीं, इस मामले में दो आरोपी फरार हो गए जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। फरार आरोपियों में मेंहनगर थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी दीपक यादव व तरवां थाना क्षेत्र के भगरा गांव निवासी सत्यम यादव शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की पांच बाइक, तमंचा, कारतूस, चाकू और नौ हजार नकद बरामद किया है।

## कार की टक्कर से दो छात्राओं की मौत

**आजमगढ़:** जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर नंदी भौजी गांव के पास सोमवार की सुबह साइकिल से कॉलेज जा रहीं दो छात्राओं को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्राओं की मौत हो गई।

गंभीरपुर थाना के आहिल खनियरा गांव निवासी आंचल यादव (20 वर्ष) और कुडभार खनियारा गांव की रहने वाली अंशिका यादव (21 वर्ष) साइकिल से पढ़ने के लिए श्री माता प्रसाद डिग्री कॉलेज, मईखरगपुर जा रही थीं। जैसे ही दोनों छात्राएं नंदी भौजी गांव के पास पहुंचीं तभी आजमगढ़ से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार में कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीयों व राहगीरों की मदद से दोनों घायल छात्राओं को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां अंशिका को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वही, आंचल यादव की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर 80 मामलों में से 8 का हुआ निस्तारण



समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनते सीडीओ और एसपी।

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना एवं प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुल 80 मामले आये, जिसमें से राजस्व के 8 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 72 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 70, पुलिस के 4, विकास के 2 एवं अन्य के 4 मामले शामिल हैं। वहीं प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, डीएफओ जीडी मिश्र, सीओ सदर आस्था जायसवाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**समस्या** मठिया मंदिर के समीप स्थित नाली की पटिया बीते कई महीने से टूटी, गुजरने वाले राहगीरों को हो रही परेशानी

# नगर पालिका में समस्याओं का अंबार, अधिकारी बने अनजान

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में चारों तरफ समस्याओं की अंबार है, लेकिन पालिका प्रशासन इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जो लोगों के लिए खतरे का मुसीबत बना हुआ है।

बता दें कि नगर पालिका की अनदेखी के चलते गंदगी, साफ-सफाई की व्यवस्था, पानी की निकासी समेत तमाम समस्याएं मुंह बाये हुए खड़ी है। इसी कड़ी में नगर क्षेत्र के मठिया मंदिर के समीप स्थित नाली की पटिया बीते कई महीने से टूटी हुई पड़ी है, जिससे राहगीरों को काफी



घसियारी टोला में टूटी नाली की पटिया के ऊपर से गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जब कि इस रास्ते से हजारों की संख्या मे लोग आते जाते है, यहा संब्जी मंडी भी है। स्थानीय निवासी राम चन्दर, रामू, महेंद्र और श्यामजी समेत

▸▸ **समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों में व्याप्त है आक्रोश**

दर्जनों लोगों ने बताया कि नाली की पटिया टूटने के कारण नाली का पानी सडक़ पर बहने लगा है, जिससे गंदगी और दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। शिकायत के बाद भले ही नाली की सफाई कर दी गई, लेकिन टूटी पटिया को आज तक दुरुस्त नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने पटिया के मरम्मत की किया मांग : स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन राहगीर, सब्जी विक्रेता और व्यापारिक वाहन इस टूटे हिस्से में फंस जाते हैं। खासकर रात के समय में यह स्थान दुर्घटना-प्रवण हो जाता है, जिससे कई बार लोग घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है। स्थानीय जनता ने मांग की है कि जल्द से जल्द टूटे हुए पटिया की मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

**क्या बोले जिम्मेदार**

लोगों की समस्या को लेकर अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, मामले की जांच कराकर टूटी पटिया के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

## सीमांकन करने गए लेखपाल से हुई अभद्रता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जलालपुर तहसील के क्षेत्र के अरई गांव के लेखपाल सुनील कुमार ने जलालपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अरई गांव में गाटा संख्या 213 चकमार्ग का सीमांकन मेरे द्वारा किया जा रहा था। सीमांकन के दौरान गांव के ही आलोक कुमार मौके पर आए और मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और कहा कि चकमार्ग नहीं नपेगा यहां से भाग जाओ। यदि दोबारा चकमार्ग नापने आए तो जान से मार देंगे और अन्य प्रकार की हरकत किया। पुलिस ने आरोपी आलोक कुमार को पकड़कर शांतिभंग मे चालान कर दिया है। इस मामले को लेकर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल के साथ अभद्रता करने पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# बलरामपुर में 111 शिकायतों में से 10 का हुआ निस्तारण

संवाददाता, बलरामपुर

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता पूर्वक शिकायतों के निस्तारण का डीएम ने दिया निर्देश**

**अमृत विचार।** जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए , गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान फरियादियों द्वारा 39 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

इस दौरान एसडीएम बलरामपुर हेमंत कुमार, सीएमओ, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार व अन्य संबंधित



संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की फरियाद सुनते डीएम और एसपी। अमृत विचार

अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

वही संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता द्वारा फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान फरियादियों द्वारा 30 प्रार्थना दिए गए जिसमें से मौके पर 01 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम राजेंद्र बहादुर एवं तहसीलदार मौजूद रहे जबकि संपूर्ण समाधान तुलसीपुर में एसडीएम राकेश कुमार जयंत ने फरियादियों की शिकायतें सुनी । इस दौरान मौके पर 42 प्रार्थना पत्रों में से 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, सीओ व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय में पूरा करें कटान रोधी कार्य

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया कटान रोधी कार्य का निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को विकासखंड श्रीदत्तगंज के ग्राम चंदापुर में राप्ती नदी के दाएं तट पर कटान रोधी कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परक्यूपाइन एवं बोल्डर कार्य का जायजा लिया और निर्देश दिया कि साइट पर श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए और सभी कार्य बारिश से पूर्व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी फ्लड फाइटिंग एवं कटान रोधी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

निरीक्षण के दौरान विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ



राप्ती नदी के किनारे चंदापुर गांव के पास कटान रोधी कार्य का निरीक्षण करते जल शक्ति मंत्री। अमृत विचार

शुक्ल, विधायक उतरौला रामप्रताप वर्मा, डीएम पवन अग्रवाल, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू सिंह', अध्यक्ष नगर पालिका उतरौला और सिंचाई एवं बाढ़ खंड के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक भी की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग को अपने कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और गुणवत्ता का ध्यान रखना होगा।

### आईटीआई में प्रवेश की तिथि बढ़ी, अब 22 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**बलरामपुर।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए आवेदन की संख्या कम रहने के कारण अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब अभ्यर्थी 22 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिले में मौजूद तीन राजकीय और दो निजी आईटीआई संस्थानों में विभिन्न ट्रेडों की कुल 1464 सीटों पर प्रशिक्षण दिया जाना है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे। विशुनपुर विश्राम राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य मैथिली शरण के अनुसार जिन अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया में परेशानी हो रही है वे अपने शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ नजदीकी आईटीआई केंद्र पर जाकर मदद ले सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। इस वर्ष प्रशिक्षुओं को तकनीक आधारित कई नए कोर्सों में अवसर मिलेंगे। टाटा कंपनी के सहयोग से एडवांस्ड सीएनसी मैकेनिकल टेक्नीशियन, मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड ऑटोमेशन, तथा मैकेनिकल-इलेक्ट्रिकल व्हीकल जैसे उन्नत कोर्स संचालित किए जाएंगे।

**एक नजर**

### 15 दिन में खराब हुई वॉटर कूलिंग मशीन

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय नगर पंचायत में वॉटर कूलिंग मशीनों के खराब होने के मामले में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। सभासद संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पटवा ने बताया कि 15 दिन पहले लगाए गए आठ वॉटर एटीएम मशीनें खराब हो गई हैं, जिससे लगता है कि मशीनों की गुणवत्ता खराब थी और भ्रष्टाचार किया गया था। एक मशीन की कीमत 4.85 लाख रुपये होने के बावजूद भी मशीनों का खराब होना भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मशीनों में तकनीकी खराबी के कारण दिक्कत आई है और उन्हें ठीक कराया जा रहा है। वहीं अमर सिंह मौर्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि वॉटर कूलिंग मशीनों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है ।इन लोगों ने मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा कल

**गोंडा :** अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जी एन एम ( त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 11 जून को गोंडा जनपद मुख्यालय पर प्रथम बार आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के संचालन के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा के प्रो जितेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष भौतिकी, असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी डॉ वंदना भारतीय, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी डॉ संतोष श्रीवास्तव, पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ के डॉ अमितेंद्र सिंह को गोंडा का सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी राजकीय / जी एन एम नर्सिंग विद्यालयों में प्रवेश के लिए गोंडा में श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे हॉस्पिटल बलरामपुर रोड व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज उतरौला रोड गोंडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा दो-दो विश्वविद्यालय प्रतिनिधि नियुक्त किए गए है। सिटी कोऑर्डिनेटर प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल विवि द्वारा गांधी विद्यालय रेलवे हॉस्पिटल में 460 व विवेकानंद विद्यालय में 469 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा के लिए आवंटित किए गए हैं।

### स्टाम्प वेंडर्स के हितों को लेकर दिया गया ज्ञापन

**बलरामपुर।** ऑल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन के आवाहन पर सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों सदर, उतरौला और तुलसीपुर में एक दिवसीय ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्टाम्प वेंडर्स ने तहसील दिवस के अवसर पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपने हितों की रक्षा के लिए ठोस नीतिगत निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से स्टाम्प वेंडर्स ने ई-रजिस्ट्री और पीपीपी मॉडल के बढ़ते प्रभाव के बीच अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए सरकार से 6 प्रमुख मांगें रखीं है। स्टाम्प वेंडर्स कल्याण अधिनियम बनाने, 250 रुपये प्रति लाख का कमीशन निर्धारित करने, आयुष्मान कार्ड एवं दुर्घटना बीमा की सुविधा देने, छोटे फिजिकल स्टाम्प पेपर जारी रखने, और ई-रजिस्ट्री व पीपीपी मॉडल में वेंडर्स के हित सुरक्षित करने की मांग प्रमुख रहीं। सदर तहसील में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को प्रदेश वेबसाइट प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दीप नारायण जायसवाल, जिलाध्यक्ष मेवाराम वर्मा, केशरी नंदन त्रिपाठी, मोती कृष्ण पांडेय, इंद्रजीत सिंह, प्रेमकुमार शुक्ला, राजीव श्रीवास्तव ने उतरौला में उप जिलाधिकारी को किशन जी, अनिल कुमार ने ज्ञापन सौंप दिया।

### सड़क सही कराये जाने को लेकर सौंपा मांग पत्र

**गोंडा :** कचहरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप से लेकर गुठे बाबा चौराहा तक की सड़क नहीं बन पा रही है। सोमवार को आम आदमी पार्टी ने जिलाधिकारी को मांग पत्र देकर सड़क का पुनर्निर्माण करने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा के अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गोंडा कचहरी रेलवे क्रॉसिंग के पास जगदीश साइकिल वाले की दुकान से गुठे बाबा चौराहा करीब 1 किलोमीटर सड़क व नाली निर्माण कराए जाने को लेकर कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस सड़क को सही करने का कार्य शुरू नहीं किया गया है, जबकि अधिकारियों द्वारा लगभग 6-7 महीने पहले यह कहा गया था कि सड़क सही करने का कार्य बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा। यदि सड़क को सही करने का कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया तो पार्टी के पदाधिकारी आगामी 25 जून से जिला पंचायत सभागार के निकट टीन शेड में अनशन शुरू करेंगे।

# नजूल जमीन बिक्री के मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

**मांगा अभिलेख**

**क्रेता व विक्रेता समेत 11 पर नजूल अमीन ने दर्ज कराया था मुकदमा**

**गोंडा, अमृत विचार :** नजूल अमीन द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। नगर कोतवाली पुलिस ने कई लोगों के बयान भी लिए हैं। नगर पालिका से संबंधित अभिलेख मांगे गए हैं। मामला नगर पालिका क्षेत्र गोंडा का है। नजूल की जमीन के पट्टा का समय समाप्त हो गया, इसके बाद नियम के विपरीत बिक्री कर दी गई। सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर नगर पालिका परिषद के नजूल अमीन ने करीब एक महीना पहले क्रेता, विक्रेता समेत 11 लोगों के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। अब पुलिस ने जांच में शुरू कर दी है। जमीन के हेरा फेरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। नजूल की जमीन को नियम के विपरीत जाकर बेचा जा रहा है।

नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमे के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में नजूल की जमीन थी, जिसकी पट्टे की समय सीमा समाप्त हो गई ही थी। जमीन को प्रबीर कुमार श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव निवासी सुभाष नगर नगर कोतवाली तथा वैभव दीप श्रीवास्तव निवासी वर्तमान पता आनंद वल्लभ विद्यानगर गुजरात, गौरव दीप श्रीवास्तव निवासी गोमती नगर लखनऊ तथा बीना श्रीवास्तव नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ने नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले कैलाश रायतानी मालवीय नगर, विमल रायतानी मालवीय नगर, हिमांशु राय तानी गोलागंज को बेच दिया था। तहरीर के मुताबिक जिस जमीन को बेचा गया। वह नियम संगत नहीं है। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए लिए अभिलेख मांगे है। जिससे खलबली मच गई है। जिले में सरकारी जमीन पर कब्जा की बात हो या कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने का हो यह खेल बखूबी चल रहा है। नगर कोतवाली पुलिस द्वारा कई लोगों को नोटिस भेजी गई है। नजूल अमीन गुरचरण पांडे की ओर से नगर कोतवाली में क्रेता व विक्रेताओं के खिलाफ की सिटी मजिस्ट्रेट आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि नजूल जमीन के अमीन के तहरीर पर क्रेता तथा विक्रेता समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अभिलेख मांगे गए हैं। कई आरोपियों को नोटिस भेजी गई है तथा वादी से अभिलेख मांगे गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग में मिलेगी कोरोना योद्धाओं को स्थायी पहचान, नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ

**बलरामपुर।** कोरोना महामारी के दौरान मरीजों की सेवा में जुटे कोरोना योद्धाओं को अब स्थायी नियुक्ति की दिशा में राहत मिलने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इन योद्धाओं को विभाग में समायोजित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में कई कोरोना योद्धाओं ने आवेदन पत्र जमा किए और अपनी पुनः नियुक्ति की मांग की।

महामारी के समय अस्थाई रूप से कार्यरत रहे इन कर्मियों की सेवा भावना को देखते हुए प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कोरोना योद्धाओं को विभिन्न पदों पर समायोजित करें। इसके तहत फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की योजना है। आवेदन करने वालों में चंद्र प्रकाश गुप्त, अवध नरेश जायसवाल, प्रियंका, रज्जन कुमार सोनकर, दूधनाथ, विजय पांडेय, अविनाश कुमार उपाध्याय, आकाश तिवारी, मीनाक्षी, अनुपमा, सुनीता श्रीवास्तव, लक्ष्मी, पुष्पा, सीमा, रीना भारती, आशा ओझा, रंजना पाल और निरंकार पांडेय शामिल रहे। इन लोगों ने बताया कि बलरामपुर जिले में समायोजन की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी है। जबकि अन्य जिलों में पहले ही समायोजन हो चुका है। वर्ष 2020-21 में कोविड संकट के दौरान अथक सेवा देने वाले योद्धाओं को एक बार फिर से याद किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग इन अनुभवी कर्मियों को अहम पदों पर नियुक्त कर उनकी सेवाओं का लाभ लेना चाहता है।

**सार-संक्षेप**

### मोतीपुरकला में नए गो-संरक्षण केंद्र का उद्घाटन कल



नवनिर्मित गो संरक्षण केंद्र मोतीपुर कला का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले में गो-संरक्षण एवं पशु कल्याण को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। संयुक्त निदेशक बस्ती रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र तथा पशुपालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश त्रिपाठी ने जिले के 10 गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त और सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. एम. सेम्मारन के साथ बैठक कर गो-संरक्षण की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि विकास खंड हरैया सतघरवा के अंतर्गत मोतीपुरकला में नवनिर्मित गो-संरक्षण केंद्र का लोकार्पण 11 जून को किया जाएगा। इसके बाद यहां बेसहारा गोवंशों को रखा जाएगा। इसके साथ ही विकासखंड तुलसीपुर में लगभग 40 एकड़ भूमि को गोचर भूमि के रूप में चिह्नित किया गया है। जहां जल्द ही नया गो-आश्रय स्थल बनाया जाएगा। डॉ. त्रिपाठी ने गो-आश्रय स्थलों में पौधारोपण, अतिरिक्त भूसा भंडारण की व्यवस्था, और गोबर से बने उत्पाद जैसे खाद, वर्मी कम्पोस्ट, दीपक, कंडे और गोबर पेंट आदि के निर्माण की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान गैंडास बुजुर्ग के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल प्रताप सिंह, प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप निबंधक कार्यालय स्थानांतरित करने की मांग तेज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उप निबंधक कार्यालय को मंडी समिति परिसर में स्थानांतरित करने के शासन प्रस्ताव के विरोध में अधिवक्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट बार संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी और महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने ज्ञापन में मांग की कि उप निबंधक कार्यालय को तहसील परिसर में ही स्थानांतरित किया जाए। जिससे वकीलों और वादकारियों को सुविधा हो। उन्होंने कहा कि मंडी समिति मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। जिससे न्यायिक कार्यों में अनावश्यक भागदौड़ और समय की बर्बादी होगी। वकीलों ने इस मांग के समर्थन में न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं किया। साथ में जिला युवा बार संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार पांडे, बार संघ के महामंत्री कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, पूर्व महामंत्री अशोक कुमार मिश्र और अधिवक्ता अभिनव त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

### तीन गांवों में किसानों की लगी चौपाल, खेती की दी जानकारी



पूरे बहोरी गांव में किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा :** कृषि क्षेत्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को क्षेत्र के पूरे बहोरी, तिलका व राजगढ़ अमीनपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, ड्रिप सिंचाई, जैविक उर्वरकों के उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने मिट्टी की उर्वरता, मिट्टी का स्वास्थ्य पोषण प्रबंधन, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को फसल के पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए पोषकीय गृह वाटिका श्री अन्न का स्वास्थ्य के लिए प्रयोग आदि विषयों पर उपस्थित किसानों को जानकारी दी। डाक्टर आशीष पांडे वैज्ञानिक पादप सुरक्षा ने फसलों की सुरक्षा मशरूम उत्पादन व मधुमक्खी पालन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसलों की विभिन्न प्रजातियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संत कुमार त्रिपाठी, डॉ लालन शर्मा, डॉ एस.आई. अनवर, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजाराम मिश्र, विष्णु भगवान शुक्ल, प्रधान प्रतिनिधि बलराम शुक्ल सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

### पहाड़ी नाले की कटान से डिहवा गांव के अस्तित्व को खतरा

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत भगवानपुर शिवपुर के मजरे



डिहवा गांव के निकट पहाड़ी नाले से हो रही कटान। अमृत विचार

डिहवा गांव के निवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि धधिंया नाले की कटान को रोकने के लिए तत्काल व्यवस्था की जाए। गांव के निवासियों का कहना है कि नाले की कटान से उनके गांव के अस्तित्व को खतरा हो गया है और यदि कटान नहीं रोकी गई तो गांव नाले में समाहित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि 30 वर्ष पहले नाले पर पुलिया बनाई गई थी, जो 2 वर्ष पहले कटान के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी। अब बरसात में नाले में बाढ़ का पानी आने से कटान और भी तेजी से हो रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नाले की कटान रोकने के लिए समय रहते व्यवस्था की जाए ताकि गांव को बचाया जा सके। ग्रामीणों में शामिल पंडित यादव, रामदीन यादव, हग्गन भारती, बहादुर भारती, गोबरे यादव, घिराऊ भारती, दिलीप मौर्य, सांवल प्रसाद, रामनिवास आदि ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। डिहवा गांव की आबादी करीब 50 घरों की है, जिसमें लगभग 300 लोग रहते हैं। गांव के निवासियों का कहना है कि यदि नाले की कटान नहीं रोकी गई तो उनके गांव का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए, वे जिलाधिकारी से मांग करते हैं कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाएं।

### सड़क किनारे लगा कूड़े का अंबार

**गोंडा :** स्वास्थ्य विभाग पूरे जिले में संचारी रोगों को लेकर अभियान चला रहा है। गांव में जाकर टीम साफ-सफाई को लेकर लोगों को जागरूक कर रही है। लेकिन शहर से सटे इमलिया गुरदयाल ग्राम सभा में गोंडा बहराइच मार्ग पर ही कूड़े का अंबार लगा हुआ है। सफाई कर्मचारी भी इसको यहां से हटाने को लेकर सक्रिय नहीं है। स्वास्थ्य कर्मी जहां गांव में जाकर लोगों को जल जनित बीमारियों से बचने के लिए जागरूक कर रहे हैं। दवा का वितरण कर रहे हैं साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा जा रहा है। इमिलिया गुरदयाल में उलटी गंगा बह रही है। गोंडा बहराइच मार्ग पर स्थित यह ग्राम स इमलिया गुरदयाल में कभी भी डायरिया, मलेरिया जैसी जल जनित बीमारियां दस्तक दे सकती हैं। ग्रामीण लगातार गांव में साफ सफाई व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं।

### विद्युत पोल झुका, सही करने की मांग

**गोंडा :** लाइट का खंभा झुक कर जमीन पर आ गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उसको सही करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं ।जिससे मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश है। नगर कोतवाली क्षेत्र के घोसियाना मे विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया बिजली का खंभा लटक गया है। मोहल्ले वासियों के मुताबिक कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों में उमेश, रमेश ,सरस ,महेंद्र ,उमेंद्र, मूलचंद, राघव आदि लोगों ने लाइट पोल को सही करने की मांग की है।

**प्रकोप** दिन के साथ रात भी गर्म, प्रशासन ने अपील की है कि लोग दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलें

# हीट वेव का अलर्ट जारी, अस्पतालों में मरीजों की लग रही भीड़

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** दिन तो दहक ही रहे हैं, अब रातें भी बेहद गर्म हो चली हैं। यही कारण है कि रात में भी घरों से बाहर निकलने पर हीट वेव परेशान कर रही है। तेज धूप व गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने अपील की है कि लोग दोपहर में घर से बाहर नहीं निकलें। तेज गर्मी, लू चलने से डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और त्वचा संबंधी समस्या का खतरा बढ़ा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है।



अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लगी लाइन। अमृत विचार

मौसम विज्ञानी का कहना है कि अभी और गर्मी हो सकती है। गर्म हवाओं के साथ भीषण उमस का सामना करना पड़ेगा। दिन के साथ रात में भी गर्मी सताती रही। स्वास्थ्य विभाग ने बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में 20 बेड आरक्षित करने के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी बेड सुरक्षित किया गया है जिससे किसी प्रकार की समस्या से तत्काल निपटा जा सके। गर्मी चरम पर होने से लोग डायरिया के शिकार हो रहे है। अस्पताल का आपातकालीन वार्ड से लेकर जनरल और प्राइवेट वार्ड में डायरिया और बुखार के मरीज भर्ती हैं। अस्पताल की बेड पर इन बीमारियों के ज्यादातर मरीज मिल रहे है।

यही नहीं प्राइवेट अस्पतालों और क्लीनिक में भी मरीजों का तांता लगा हुआ है। गर्मी के मौसम में संक्रामक बीमारी ने पांव पसारना शुरू कर दिया है।

**गर्मी में खानपान का रखना होगा विशेष ध्यान**

मेडिकल कालेज के सहायक आचार्य डा. रमेश पांडेय ने कहा कि गर्मी में खानपान का विशेष ध्यान रखें। शिकंजी, नारियल पानी, छाछ, सतू का शरबत, बेल का शरबत, कच्चे आम (कैरी) का पना को डाइट में शामिल करें। हर दिन कम से कम चार से पांच लीटर पानी पीएं। किसी तरह का अल्कोहल का सेवन करने से बचें। बाहर का जंक फूड, फास्ट फूड या किसी अन्य तरह की चीजों को खाने से पूरी तरह से बचें। घर में कम आयल और कम मिर्च-मसाले वाला खाना बनाकर खाएं। अस्पतालों में हीटवेव वार्ड बनाया गया है। पर्याप्त दवाओं की आपूर्ति की गई है। चिकित्सकों को उपचार के साथ ही लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

– डॉ. सीके वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**बुखार व डायरिया के सबसे अधिक पहुंच रहे मरीज**

बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में मरीजों की संख्या 15 सौ से पार कर गई। भीड़ के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बुखार व डायरिया के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा रही। मेडिसिन ओपीडी में 250 से अधिक मरीजों के पहुंचने से लोगों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। पैथोलाजी में सबसे ज्यादा बुखार के मरीज जांच कराने पहुंच रहे है।

# भीषण गर्मी में सूख रहे हलक, शीतल जल के नहीं हैं इंतजाम

## तरबगंज नगर, सीएचसी व तहसील में वॉटर कूलर सहित लगे नल भी खराब

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : नगर पंचायत तरबगंज में इस भीषण गर्मी से निपटने के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। नगर व बाहर से आने जाने वाले लोगों को शीतल जल भी नहीं मिल पा रहा है। पूरे नगर पंचायत के चौक चौराहे पर वॉटर कूलर की व्यवस्था नहीं है।

मई का महीना बीत चुका हैं और जून का महीना चरम पर है। ऐसे में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। जहां हर दो क़दम पर हलक सूख रहा है वहीं रह रह कर लग रही प्यास बुझाने के लिए नगर पंचायत में एक बूद भी शीतल जल मयस्सर नहीं है। नगर पंचायत व तहसील प्रशासन द्वारा कहीं भी वॉटर कूलर की व्यवस्था नहीं की गई है। कहने को जल ही जीवन है, लेकिन यहां तो जल ही नहीं है ऐसे में नगर वासियों और यहां आने जाने वाले लोगों की प्यास कैसे बुझे। जून महीने में गर्मी अपने चरम सीमा पर है और कदम कदम चलना दुश्वार है। पीने के पानी की व्यवस्था ना होने से राहगीरों को अपनी प्यास बुझाने के लिए बाजार में महंगे दामों में बिक रहे बोतल के पानी व अवैध रूप से बेचे जा रहे पाउच के पानी खरीदकर प्यास बुझाना पड़ रहा है। लोगों का कहना हैं कि गर्मी चरम सीमा पर है, लेकिन किसी भी स्वयं सेवी संस्था नगर पंचायत व तहसील प्रशासन ने अभी तक प्यास बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं की है। यही नहीं साहब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जहां सैकड़ों मरीज रोज आते हैं वहां भी शुद्ध पानी की व्यवस्था नहीं है। महंगे दामों में बोतल का पानी खरीदकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं। डॉक्टरों की मानें तो पानी की व्यवस्था नहीं की गई है, अस्पताल में जिससे मरीज इधर उधर भटक रहे हैं। सबसे बडी बात तहसील परिसर है। जहां दूर दूर से लोग अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं वहां भी कोई व्यवस्था पानी की नहीं की गई है। इंडिया मार्का हैंडपंप परिसर में लगा हुआ है जिसमें पानी ही नहीं आ रहा है। जिससे वादकारी पानी के लिए परेशान रहते हैं।



सीएचसी तरबगंज में लगा वॉटर कूलर खराब। अमृत विचार



पानी खरीद कर बुझाई जा रही प्यास। अमृत विचार



खराब पड़ा वॉटर पोस्ट। अमृत विचार

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में पानी के लिए उठी मांग

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पानी के लिए फरियादी परेशान देखे गये जिन्हें तहसील परिसर में कहीं भी पानी नहीं मिला। वकील जटाशंकर सिंह ने बताया कि पूरे तहसील में केवल दो ही इंडिया मार्का टू हैंडपंप लगा हुआ है। दोनों से गन्दा पानी आ रहा है। सभी लोग बाजार से पानी खरीदकर पीते हैं। नगर पंचायत तरबगंज के ईओ अमरनाथ राम ने बताया कि वॉटर कूलर की व्यवस्था के लिए बोरिंग की प्रक्रिया चल रही है। जैसे ही बोरिंग हो जायेगी वॉटर कूलर लगवा दिया जायेगा। तहसील परिसर में वॉटर कूलर लगा है जिसमें खराबी आ गई थी जिसे बनवा दिया गया है। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना ने बताया कि पानी की समस्या का जल्द निस्तारण करवाया जायेगा।

## एक नजर

### चुनावी रंजिश में युवक पर हमला, केस दर्ज

**करनैलगंज** : ग्राम बसेरिया निवासी रवि यादव के मुताबिक सोमवार की रात्रि करीब 12 :30 बजे वह गांव के ही अशोक कुमार सिंह के साथ बाइक से जरवल बारात में शामिल होकर लौट रहा था। चुनावी रंजिश को लेकर जहांगिरवा क्रासिंग के पास घात लगाए बैठे गांव के ही संजय दुबे, नारायण सिंह, रामू सिंह, छेदामी तथा दो अज्ञात लोगों ने उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संजय दुबे, नारायण सिंह सहित अन्य के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक अंकित सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

### वाहन की टक्कर से हिरन की मौत

**गोंडा** : हरखापुर ग्राम पंचायत में सोमवार भोर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हिरन सड़क पार कर रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे हिरन सड़क पर गिर गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

### खेत की मेढ़ तोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**परसपुर।** उल्टहवा पसका निवासी श्यामलाल यादव नामक ने बताया कि उनके गांव निवासी सत्यनाम यादव और देशराज ने खेत की मेढ़ तोड़ दी और सीमा चिन्ह मिटाने का प्रयास किया। विरोध करने पर दोनों ने मां-बहन की गालियां देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट की और धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि श्यामलाल यादव की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले को जांच की जा रही है।

### इंस्टाग्राम से युवती की फोटो निकाल की छेड़छाड़

**धानेपुर** : थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने पर शिकायती पत्र दे कर बताया है कि उसकी लड़की का फोटो इंस्टाग्राम से निकाल कर सोशल मीडिया पर गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। जब इसकी शिकायत की जाती है तो गाली गलौज करते हुए धमकाया जाता है। महिला ने थाने पर शिकायती पत्र दे कर दिलीप पुत्र महेश, आलोक पुत्र महेश, कुन्ने पुत्र अज्ञात के विरुद्ध शिकायती पत्र दे कर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निर्भय नारायण सिंह ने बताया है कि मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है।

### मजार से लापता हुई तीनों युवतियां बरामद

**धानेपुर** : ग्राम पूरे सरदार ढोंगही के रहने वाले जाकिर अली व गुलाम मुर्तजा ने थाने पर दिए गए शिकायती पत्र में बताया था कि गुरुवार को गुलाम मुर्तजा की पुत्री साइना बानो, हसीबुन निशा व शकीला बानो त्रिलोकपुर मजार पर फातिया पढ़ाने व दुआ ताबीज के लिए गईं थी लेकिन वहां से लापता हो गयी थी। गुलाम मुर्तजा ने थाने पर तीनों के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तीनों लड़कियों को रेलवे स्टेशन गोंडा से सकुशल बरामद कर लिया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**इटियाथोक** : ट्रेन से कटकर एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना सुबह 7 :30 बजे की है। जब गोंडा से बलरामपुर की तरफ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने इसकी सूचना जीआरपी गोंडा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस शव को इकट्ठा कर पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान बगाही निवासिनी शिवपता ने अपने भाई बंसी पुत्र स्वर्गीय बाबादीन उर्फ सूर्य नारायण के रूप में की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि उपाध्याय ने बताया कि मृतक गूंगा बहरा था।

# ग्रामीण बता रहे तेंदुए का शावक, वन विभाग फिशिंग कैट में उलझा

संवाददाता, खरगूपुर

**अमृत विचार** : गौनरिया गांव के मजरा नाग बाबा पुरवा के ग्रामीणों में दहशत कम होता नहीं दिखाई दे रहा है। एक जंगली जानवर को जहां गांव के लोग तेंदुआ का शावक बता रहे हैं। वहीं वन विभाग फिशिंग कैट कह रहा है।

रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें दिख रहा जंगली जानवर को गांव के ग्रामीणों द्वारा तेंदुए का शावक बताया जा रहा था। यहां वन विभाग ने दो सियारों को जाल लगाकर पकड़ा था। उस समय वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जानवर के पग चिन्ह की पुष्टि सियार के रूप में की गई थी। लेकिन पखवाड़ा भर भीतर एक अबोध बालिका की जंगली जानवर के हमले में मौत तथा दूसरे बच्चे को जानवर द्वारा बुरी तरह से जख्मी करने के बाद गांव के लोग तेंदुआ के शावक होने का लगातार आशंका का व्यक्त कर रहे हैं। सोमवार को वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ कांबिंग कर रहे थे। इस बीच एक जंगली जानवर देखा गया। जिसे वन विभाग के अधिकारी फिशिंग कैट बता रहे हैं। जबकि एक की मौत तथा दूसरे के गंभीर रूप से जख्मी होने की घटना के बाद लोगों के गले से कोई मामूली जंगली जानवर द्वारा घटना को अंजाम देने की बात नहीं उतर पा रही है।

गांव के देवराज द्विवेदी, तुहिनांश द्विवेदी, रविंद्र दुबे, शिव भोला, मुकेश दुबे आदि लोगों ने बताया कि बच्चों के सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। छोटे-छोटे बच्चे भीषण गर्मी के समय घरों में कैद होने के लिए विवश है। डिप्टी रेंजर अभिषेक प्रताप वर्मा ने बताया कि टीम का प्रयास लगातार जारी है, शीघ्र ही जंगली जानवर को कब्जे में कर लिया जायेगा।



खेत खलिहानों में जंगली जानवर ढूंढ रहे ग्रामीण। अमृत विचार



कांबिंग कर रहे वन विभाग के कर्मी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जमथरा में कराई सफाई और कराया फॉगिंग



फॉगिंग करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा।** सोमवार को स्वच्छ गांव समृद्ध गोंडा स्वच्छता निगरानी अभियान के तहत विकासखंड कटरा बाजार के जमथरा गांव में सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांव में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नाली सफाई, सार्वजनिक स्थानों की सफाई आदि सम्मिलित रही है। एडीओ ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ गांव समृद्ध गोंडा स्वच्छता निगरानी अभियान के तहत जमथरा में साफ सफाई अभियान चलाया जिसमें फॉगिंग, नाली सफाई दवा छिड़काव किया गया है। उन्होंने बताया की विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह अभियान चल रहा है।

### रंजिश में मारपीट के मामले पर महिला समेत चार पर केस

**मनकापुर, गोंडा** : मनकापुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में दो महिला समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गैलनग्रन्ट के मजरा जमुनहा गांव निवासी राम सहाय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पत्नी इंद्रावती बीते गुरुवार को घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव के ही हरीश कुमार, विश्व कुमार, अंजना देवी पत्नी हरीश कुमार व सोना पत्नी विश्व कुमार पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर लोहे की रॉड, लाठी और धारदार तलवार लेकर पहुंचे और उसकी पत्नी को गाली देते हुए दौड़ा लिया। पीड़िता जान बचाने के लिए घर में घुसने लगी तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके गले से सोने की चेन और कान का झुमका छीन लिया और घर में रखे छः हजार रुपये नकद भी लूट लिए।पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने धमकी दी कि अगर शिकायत करोगी तो जान से मार देंगे।मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही।

### आईटीसी की ओर से सम्मानित हुए मेधावी



प्रमाण पत्र के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार** : आई टी सी चौपाल सागर की तरफ से रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं के साथ आये अभिभावक भी खुश दिखे। बच्चों को सीनियर सब इंस्पेक्टर बीएन सिंह एवं सब इंस्पेक्टर उमा शंकर उपाध्याय के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान बी एन सिंह ने ट्रैफिक नियमों का उल्लेख करते सुरक्षित सफर करने पर प्रकाश डाला। इस दौरान चौपाल सागर प्रबंधक विनय त्रिपाठी, स्टोर इंचार्ज अमित खरे, अध्यापक ऋषि शुक्ला अजय पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### महिला से छीना जेवर, मांगे 10 लाख रुपये

**परसपुर, गोंडा।** विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर मारपीट, जेवर छीनने तथा दहेज में दस लाख रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला रीता यादव निवासी धनौरा के अनुसार 5 जून की रात लगभग 9 :30 बजे जब वह शौच से लौट रही थी तभी उसके बड़े ससुर रमेश यादव ने रास्ते में रोककर बात करने के बहाने उसका हाथ पकड़ लिया। किसी तरह खुद को छुड़ाकर जब वह घर पहुंची तो वहां सास, ननद खुशबू और जेठ भोलू उर्फ संजय ने उसे लात-घूंसे और बेल्ट से पीटा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर विधवा महिला से बनाए संबंध

**गोंडा, अमृत विचार** : धानेपुर के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने पर शिकायती पत्र देकर बताया कि विवाह के कुछ समय के बाद उसके पति की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से विधवा की जिंदगी जी रही थी। इसी दौरान उसके रिश्तेदारी का एक युवक जो कि परसपुर का रहने वाला है उसने शादी करने के झांसा दे कर बातचीत करने लगा। आरोप है कि शादी करने का झांसा दे कर वह पांच महीने तक उसका यौन शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हुई तो उसने गर्भपात करवा दिया। कुछ समय बीतने पर जब शादी का दबाव बनाया तो उसने मना करते हुए गाली गलौज किया जान से मार देने की धमकी दी। जब महिला ने छानबीन की तो पता चला कि युवक शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता भी है। जब महिला ने युवक को उसकी असलियत बताई तो वह उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

▸▸ **सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी**

# करनैलगंज कोतवाल हटाए गए

## अनीता यादव बनीं महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक

**गोंडा, अमृत विचार** : कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस महकमे में बदलाव करते हुए 5 इंस्पेक्टर व एक सब इंस्पेक्टर की तैनाती में फेरबदल किया है। इस फेरबदल में करनैलगंज कोतवाली का चार्ज संभाल रहे श्रीधर पाठक की कुर्सी चली गई है। उनके स्थान पर परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह को करनैलगंज थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

वहीं मोतीगंज थाने की प्रभारी निरीक्षक रहीं अनीता यादव को एक बार फिर से महिला थाने की कमान सौंपी गयी है। करनैलगंज कोतवाल के तौर पर श्रीधर पाठक का लंबा कार्यकाल रहा। वह करीब दो वर्ष तक करनैलगंज में तैनात रहे। इलाके में धड़ल्ले से हो रहे मिट्टी खनन के कारोबारियों पर वह अंकुश लगाने में विफल रहे। यही वजह है कि उन्हे अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। श्रीधर पाठक को करनैलगंज से हटाकर क्राइम ब्रांच में तैनाती दी गयी है। उनके स्थान पर भेजे गए तेज प्रताप पर भी परसपुर मे कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के प्रभारी रहे हेमंत कुमार को परसपुर थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। कोतवाली नगर में अतिरिक्त अपराध निरीक्षक रहे अरविंद कुमार को मोतीगंज थाने का इंचार्ज बनाया गया है। यहां की इंचार्ज रहीं अनीता यादव को फिर से महिला थाने की कमान सौंपी गयी है। महिला थाने की थानाध्यक्ष रहीं उप निरीक्षक प्रतिभा सिंह को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन का प्रभारी बनाया गया है।

▸▸ **एसपी ने 5 इंस्पेक्टर व एक सब इंस्पेक्टर की तैनाती में किया बदलाव**

# भागवत श्रवण से होता है जीवन में धर्म, सेवा और भक्ति का मार्ग प्रशस्त

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : ग्राम मुंडेरवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या धाम से आए कथा वाचक संजीवाचार्य जी महाराज ने विदुर नीति, मनु-सतरूपा की कथा, ब्रह्मविद्या, और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का विशद वर्णन किया।

कथावाचक ने बताया कि भागवत श्रवण से जीवन में धर्म, सेवा और भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। विदुर जी के उपदेशों को जीवन में अपनाकर मनुष्य सच्चे अर्थों में महान बन सकता है। कथा स्थल पर प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। कथा के अंत में आरती व प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान बख्श सिंह, शकुंतला सिंह, काली प्रसाद सिंह, भानु प्रताप सिंह, अरविंद प्रताप सिंह अधिवक्ता हाईकोर्ट, रवि प्रताप सिंह आदर्श शिक्षक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा सुनाते पंडित संजीवाचार्य। अमृत विचार

# संविधान बचाओ तथा संगठन सृजन कार्यक्रम आज से

**गोंडा, अमृत विचार** : कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अब लोगों को बीच में जाकर पार्टी की बात रखेंगे। प्रदेश कार्यालय की ओर से जनपद के सातों विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजन का निर्देश दिया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी तैयारी में भी जुट गए हैं। कांग्रेस पार्टी सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। पार्टी की ओर से सभी विधानसभाओं में संविधान बचाओ तथा संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर विधानसभा वार सूची भी जारी कर दी गई है। कांग्रेस नेता शिव कुमार दुबे ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जारी सूची में कहा गया है कि पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह द्वारा सभी विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें 10 जून को मेहनौन, 11 को गौरा, 12 को कटरा, 15 को तरबगंज, 16 को करनैलगंज तथा 17 जून को सदर विधानसभा के तहत जिला पंचायत सभागार के समीप टीन शेड में संविधान बचाओ तथा संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेसी नेता ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन को लेकर कांग्रेस से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता को निर्देश दे दिया गया है। तैयारी शुरू कर दी गई है।

▸▸ **सातों विधानसभा में कांग्रेस करेगी आयोजन**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस** | एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

# दर्ज हुईं 77 शिकायतें, तीन का किया गया निस्तारण

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : तरबगंज तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायतें दर्ज की गईं जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया है।

उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यता शिकायतों में वजीरगंज थाना क्षेत्र के देइलिया गांव निवासी ओम प्रकाश ने आरोप लगाया कि गाटा सं.953 रास्ते की जमीन है। जिस पर गांव के दबंग लोग अवैध कब्जा कर लिए हैं और कंटीले तार लगा दिए हैं। जिससे बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी हो रही है। ये रास्ता प्रा. वि. पासी पुरवा से होते हुए काली माता मंदिर तक जाता है। उसके बगल नवीन परती 968 न. है उसे भी कब्जा कर लिया है।

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के पकवान गांव निवासी खातुन्निशा व जैतुल्ला ने कहा कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर दबंग लोग कब्जा कर रहे हैं। रोकने पर गाली-गलौज करते हुए अमादा फौजदारी हो जाते हैं व जान-माल की धमकी देते हैं।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के चड़ौवा निवासी रामदास ने कहा कि साहब पुराना घर गिरवाकर नया घर उसी जगह पर बनवा रहे हैं जिस पर गांव के दबंग लोग नाजायज रूप से हस्तक्षेप कर रहे हैं और घर बनने नहीं दे रहे हैं। आदि 77 शिकायतें दर्ज की गईं जिसमें 3 शिकायतों का निस्तारण मौक़े पर किया गया है। समाधान दिवस के मौके पर एसडीएम, तहसीलदार सहित कई अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में सुनवाई करते एसडीएम राजीव मोहन। अमृत विचार

### करनैलगंज तहसील में प्राप्त हुईं 57 शिकायतें

**करनैलगंज** : सोमवार को करनैलगंज तहसील में उपजिलाधिकारी यशवंत राव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें अधिकांश भूमि विवाद और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की थीं। सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। एसडीएम ने कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपाल शिकायतों का निस्तारण मौके पर पुलिस बल के साथ जाकर करें। सरकारी जमीनों पर कब्जे को हटवाने की कार्रवाई करें। जहां आवश्यकता हो वहां नायब तहसीलदार के साथ जाकर निस्तारण कराएं।

# दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा, न्याय की गुहार

**मनकापुर, अमृत विचार** : संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की संयुक्त अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 133 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। रानीजोत मसकनवा निवासी राजकुमार ने बताया कि उसकी मां सावित्री को 15 वर्ष पूर्व राजस्व विभाग द्वारा 10 विस्वा भूमि का पट्टा आवंटित किया गया था, लेकिन दबंगों ने उस पर जबरन कब्जा कर रखा है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को तत्काल निर्देश दिया कि संबंधित लेखपाल एवं पुलिस बल के सहयोग से पट्टा धारक को उसकी भूमि पर कब्जा दिलवाया जाए तथा तालाब की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए।

किशुनदासपुर निवासी रामपाल उपाध्याय ने ग्राम प्रधान पर खड़ंजा निर्माण के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग और घटिया निर्माण का आरोप लगाया। प्रभारी डीएम ने डीपीआरओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तुर्काडीहा गांव के बब्बू सिंह और संदीप ने शिकायत की कि ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा पुराने खड़ंजे की ईंटें उखाड़कर उसकी एजिंग व गिट्टी बनाकर सीसी रोड निर्माण में उपयोग की जा रही है। इस मामले की जांच भी डीपीआरओ लालजी दूबे को सौंपी गई। मेचुका निवासी त्रिलोकी ने वृद्धावस्था पेंशन के पात्र होते हुए भी वर्ष 2023 से पेंशन न मिलने की शिकायत की।



मनकापुर में जन सुनवाई करते एसपी विनीत जायसवाल व सीआरओ। अमृत विचार

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों से किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोद में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्ज़े की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमज़ोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए

> अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावट: मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक-राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

> आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतंर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।

भारत और आस्टेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्टेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्टेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्टेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

-फेसबुक वॉल से

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# अवैध रूप से बनाई गई मजार पर चला बुलडोजर

## मुर्तिहा रेंज के जंगल में बनी थी लक्कड़ शाह व उनके 3 शागिर्दों की मजार

संवाददाता, बहराइच


कार्रवाई के बाद जमींदोज मजार व मौके पर मौजूद सुरक्षा जवान।

**अमृत विचार।** जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज के घने जंगल में बनी लक्कड़ शाह व उनके तीन शागिर्दों की मजार को वन विभाग ने रात के अंधेरे बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गये थे। डीएफओ बी. शिवशंकर का कहना है कि दरगाह प्रबन्धन स्वामित्व के कोई सबूत पेश नहीं कर सका।

संरक्षित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज के बीट संख्या 20 के कक्ष संख्या 13 व 14 में बनी लक्कड़ शाह की मजार को विस्तार देकर उनके शागिर्दों भंवर शाह, चमन शाह व शहंशाह की मजारें भी तामीर कराकर विस्तृत क्षेत्र में दरगाह का निर्माण कराया गया था। इसके बाद भारत-नेपाल सीमा पर स्थित दरगाह में मेला लगने लगा और भारी भीड़ जुटने लगी। इधर, वन विभाग ने वन्यजीवों के निर्बाध विचरण की खातिर घने जंगल से अवैध निर्माण को हटाने की कवायद शुरू की और प्रकरण न्यायिक प्रक्रिया से होकर गुजरा तो वर्ष 1986 में वक्फ में पंजीकृत दरगाह प्रबन्धन स्वामित्व का कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। विगत 5 जून को वन विभाग ने नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने को कहा पर दरगाह प्रबन्धन ने नोटिस की अनदेखी कर दी। रविवार की रात वन विभाग की टीम ने भारी सुरक्षा बल तैनात कर चारों मजारों व दरगाह को बुलडोजर लगाकर जमींदोज कर दिया।

# विभिन्न सड़क हादसों में मां-बेटे की मौत, 9 घायल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के तीन थानों के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि मृतका के पति, देवर सहित नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देहात कोतवाली के बहराइच कर्नेलगंज रोड पर रंजीतपुर गांव के पास सोमवार को शाम लगभग तीन बजे तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक मे टक्कर मार दी, जिसके चलते बाइक सवार हुजूरपुर थाने के सिरौला गांव निवासी कलाम (28), उसकी पत्नी चांदा (23), बेटा जैनूल (2), कलाम का भाई असलम (10) घायल हो गए। यह सभी शहर से दवा लेकर अपने गांव जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। चिकित्सकों ने चांदा व उसके बेटे जैनूल को मृत घोषित कर दिया और घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

उधर, सुजौली थाने के बर्दिया गांव निवासी जनजाति युवक रेहाल (22) पुत्र बेरु अपने दोस्त प्रिंस की पत्नी लक्ष्मी (25), उसके 5 साल के बच्चे प्रीतुल को कारीकोट मेला घुमाने ले गया था। लौटते समय रविवार रात बिछिया-सुजौली मार्ग पर गिरिजापुरी पेट्रोलपम्प के निकट अनियंत्रित होकर बाइक सड़क पर गिरे पड़े सेमल के पेड़ से टकरा गई। इसमें बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें बिछिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रिसिया थाना अंतर्गत रिसिया-नरसिंह डीहा मार्ग पर भैसाही गांव के निकट रविवार की रात साढ़े आठ बजे दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें श्रावस्ती जिले के हरदत्तनगर गिरंट थाने के बहोरवा गांव निवासी कृपा राम, विजय नरेश और राम चंद्र घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार दत्तपुर निवासी पंकज भी घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें रिसिया सीएचसी पर भर्ती कराया।

# दो विवाहिताओं ने लगाई फांसी ,मौत

**बहराइच अमृत विचार।** प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रूपईडीहा के ग्राम बरवलिया निवासी ऊषा जायसवाल पत्नी सोनू जायसवाल जिनकी ढाई वर्ष पूर्व शादी हुई थी तथा इनके एक वर्ष का पुत्र भी है। बीती रात ऊषा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना के सम्बन्ध में मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि ससुरालीजन दहेज में उनसे 10 लाख रूपये की मांग कर रहे थे। मांग न पूरी कर पाने के कारण पुत्री की बेल्ट से गला कसकर हत्या कर दी और फिर फांसी का स्वरूप देने के लिए उसे लटका दिया गया। दूसरी घटना में थाना खैरीघाट के ग्राम नकहुआ निवासी सुशीला (23) पत्नी पिंकू की शादी लॉकडाउन के दौरान हुई थी। उनके दो पुत्र व एक पुत्री हैं। महिला की बीती रात फांसी लगाने से मौत हो गई। इस घटना के सम्बन्ध में मृतका के पिता पंचम निवासी चमारनपुरवा रमवापुर थाना रामगांव ने आरोप लगाया है कि ससुरालवाले पुत्री को प्रताड़ित करते थे, जिससे उसने फांसी लगाकर जान दे दी।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप में बालिकाओं ने किया खेल का अभ्यास


समर कैंप में प्रतिभाग करती छात्रा ।

**पयागपुर बहराइच,अमृत विचार।** पयागपुर क्षेत्र के मामराज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नूरपुर भूपगंज में शासन के निर्देश के क्रम में 21 मई से 10 जून तक चलने वाले समर कैंप में रविवार एवं सोमवार को छात्र-छात्राओं को योग, कबड्डी, खो-खो बैडमिंटन एवं फुटबॉल का अभ्यास कराया गया।विद्यालय की प्राचार्या वर्षा गौतम ने बताया कि शिक्षक विनोद कुमार पांडेय, अनुचर राम गोविन्द एवं पंचानू तिवारी एवं विद्यालय स्टाप के सहयोग से समर कैंप का आयोजन सफल रहा। छात्र छात्राओं ने समर कैम्प काफी रूचि दिखाई और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को समर कैम्प का समापन किया जायेगा।

### चलते ट्रक में लगी आग, सामान सहित ट्रक नष्ट


धू-धू कर जलता ट्रक । अमृत विचार

**मटेरा, बहराइच, अमृत विचार।** चलती ट्रक में आग लगने से सामान सहित ट्रक जलकर पूरी तरह राख हो गया, सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक ट्रक सामान सहित पूरी तरह चल चुका था। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के दोंदरा पुल पर सोमवार को सुबह चलती ट्रक में अचानक आग लग गई और ट्रक बीच रास्ते पर पलट गई। यह ट्रक गाजियाबाद से कबाड़ का सामान लादकर मुजफ्फरपुर जा रही थी।मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक में पहले धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग की लपटे बहुत तेज जलने लगी। घबरा कर चालक ने नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रक बीच सड़क पर ही पलट गई और आवागमन बाधित हो गया। ट्रक चालक सहित एक अन्य ने ट्रक से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचायी। यह घटना सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया तब तक सामान सहित ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया था। सूचना पर नानपारा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### स्टाम्प वेंडरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते स्टाम्प वेंडर । अमृत विचार

**पयागपुर बहराइच ,अमृत विचार।** ई रजिस्ट्री एवं पीपीपी मॉडल के तहत भविष्य को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से आल यूपी स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन ने स्टाम्प एवं निबन्ध तथा न्यायालय शुल्क मंत्री को सम्बोधित छह सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा।सोमवार को आल यूपी स्टाम्प वेंडर एसोसिएशन के बैनर तले दर्जनों स्टाम्प वेंडरों ने उपजिलाधिकारी राकेश कुमार मौर्य को स्टाम्प एवं निबन्ध तथा न्यायालय शुल्क मंत्री रवींद्र जायसवाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपते हुये स्टाम्प वेंडरों को ई रजिस्ट्री एवं पीपीपी मॉडल से आच्छादित करने की मांग की। स्टाम्प वेंडर सन्तोष जायसवाल,रमेश मौर्य,चमन शुक्ला,विनीत कुमार, अनिल कुमार आदि ने बताया कि स्टाम्प वेंडरों के लिये सरकार द्वारा कई जनकल्याण कारी योजना संचालित हैं जिनका लाभ हम वेंडरों को नही मिल पा रहा है।इन लोगों ने उपजिलाधिकारी को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुये स्टाम्प वेंडर कल्याण अधिनियम बनाने,स्टॉक होल्डिंग को दिये जाने वाले कमीशन में इन्हें 250 रुपये का लाभ दिये जाने सहित इन्हें आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किये जाने की मांग की।इस अवसर पर स्टाम्प वेंडर अभय शुक्ला,हकीम चन्द्र,राम बचावन यादव सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### जिले में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच, अमृत विचार।** आगामी त्योहारों व परीक्षाओं के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन कराते हुए जिला प्रशासन ने भा.ना.सु. संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बड़ा मंगल, मोहर्रम, नागपंचमी आदि त्योहारों व उ.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा-2025 व अन्य आयोजित परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने के मद्देनज़र जनपद के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के क्रम में 4 अगस्त तक जनपद की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है।

# शाह से मिले योगी, जल्द घोषित होगा नया प्रदेश अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने और युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राह्मण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# सरकार सवाल पूछने से रोकती है : अखिलेश



लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व पार्टी सांसद डॉ. एसपी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं। ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा शोषण नहीं, पोषण करती हैं।

# जिले में पहुंचे प्रभारी मंत्री व पर्यटन मंत्री कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

बहराइच

**अमृत विचार।** प्रदेश के कृषि मंत्री/जिला प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही का 9 जून को जनपद पहुंचे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने राजेश प्रसाद ने बताया कि प्रभारी मंत्री श्री शाही 9 जून को अपरान्ह 3:30 बजे सांवरिया रिसार्ट पहुंचे और अपनी सुविधानुसार स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। सांवरिया रिसार्ट में रात्रि विश्राम के बाद श्री शाही 10 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा आयोजित चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय दिवस एवं भव्य मेले के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। श्री शाही अपरान्ह 3 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। इसी प्रकार प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह भी सोमवार को जनपद पहुंचे। श्री सिंह ने ब्लाक चित्तौरा सभागार में महाराजा सुहेल देव जी के विजय दिवस एवं जन मेला कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मंत्री श्री सिंह 10 जून को महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पहुंचकर महाराजा सुहेल देव जी के विजय दिवस एवं जन मेला कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# विशेश्वरगंज क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत व्यवस्था बदहाल, लोग परेशान

**बहराइच अमृत विचार।** विशेश्वरगज क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भीषण गर्मी में भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला आज्ञाराम पुरवा के मजरा बाबा पुरवा का है, जहां एक हफ़्ते पहले जला विद्युत ट्रांसफार्मर अब तक नहीं बदला गया है।इस ट्रांसफार्मर से एक दर्जन से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ता के साथ-साथ एक ट्यूबवेल का कनेक्शन भी जुड़ा है। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर आदित्य अवस्थी से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है सब स्टेशन पर पता करके अभिलंब ट्रांसफार्मर बदला जाएगा, ट्यूबवेल उपभोक्ता अमरेश कुमार शुक्ला ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने के कारण उनकी 3 एकड़ गन्ने की फसल सूखने की कगार पर है। उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय विद्युत उपकेंद्र पर की है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में बिजली न होने से उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जिससे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी परेशान हैं। अमरेश कुमार शुक्ला ने प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने और उनकी सूखती फसल को बचाने की गुहार लगाई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।


## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।




## वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी- 11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 06 .02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष:** आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह:** आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या:** आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला:** आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु:** आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ:** आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन:** आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

## सुडोकू - 3 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |

# खेत की सिंचाई कर रहे अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

## जमीन की रंजिश में हत्या करने का आरोप, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मरूई कृष्णदासपुर गांव में सोमवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में सिंचाई कर रहे अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्य (57) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 10 बजे की है। हत्या के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतक के परिजनों ने पुलिस पर जबरन शव उठाने और लाठीचार्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है।

मृतक महेंद्र मौर्य अपने पीछे पत्नी शकुंतला मौर्या, दो बेटे अजय मौर्या और प्रभात और दो बेटियां रंजना एवं भावना को छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई सीताराम मौर्य ने अज्ञात 3-4 लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। बताया गया कि महेंद्र शाम करीब 7 बजे खेत में धान की सिंचाई के लिए गए थे। रात 9 बजे उन्होंने लखनऊ में रह रही अपनी भाभी से फोन पर बात की थी। लेकिन जब रात 10 बजे तक वे घर नहीं लौटे और फोन नहीं उठा, तो परिजन खेत पहुंचे जहां उनका शव पड़ा मिला और पास में मोबाइल की लाइट जल रही थी। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो वे शव को मृतक के बड़े बेटे के लखनऊ से आने तक रोकने की बात कर रहे थे। लेकिन पुलिस ने जबरन शव उठवाया और इसी दौरान पत्नी, बेटियों और अन्य परिजनों पर लाठीचार्ज भी किया गया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी है।

### पुलिस जांच में जुटी माहौल तनावपूर्ण

थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। गांव के कुछ लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे जमीन विवाद की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है, वहीं परिजन न्याय की मांग पर अड़े हैं।



रोते-बिलखते परिजन व इनसेट में महेंद्र कुमार मौर्य की फाइल फोटो। अमृत विचार

### एसओ समेत एक दरोगा व सिपाही निलंबित

सीओ विनय गौतम ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने वाले थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित हल्के दरोगा और एक सिपाही पर भी कार्रवाई की गई है। न्यायालय सुरक्षा में तैनात रहे दीपक कुशवाहा को अखंडनगर थाने का चार्ज सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### बार एसोसिएशन दो दिन न्यायिक कार्य से रहेगा विरत

**कादीपुर, सुलतानपुर :** अखंडनगर थाना क्षेत्र के मरुई किशुनदासपुर निवासी अधिवक्ता महेंद्र कुमार मौर्य की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से अधिवक्ता समुदाय में गहरा आक्रोश है। सोमवार को कादीपुर तहसील परिसर में बार एसोसिएशन ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। बार एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता सोमवार और मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं ने इस नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### पोस्टमार्टम हाउस पर लाठीचार्ज से नाराजगी

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेने के दौरान परिजनों और ग्रामीणों के विरोध पर लाठीचार्ज किया गया, जिससे आक्रोश और भी बढ़ गया। इस घटना पर बार एसोसिएशन ने कड़ा ऐतराज जताया। कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी और सीओ विनय गौतम से मुलाकात कर परिजनों पर किए गए पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि परिजनों पर बल प्रयोग अनुचित और अमानवीय है।

## एक नजर

### मारपीट व रंगदारी केस में अग्रिम जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** रंगदारी व मारपीट के गंभीर आरोपों में नामजद बंधुआकला थानाक्षेत्र के सनईभार मझना निवासी आरोपी पप्पू दूबे उर्फ राजेश दूबे व राघवेंद्र दूबे को सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने सशर्त अग्रिम जमानत दे दी। बचाव पक्ष के वकील अमित पांडेय के मुताबिक वादी आशीष मिश्र ने आरोप लगाया था कि बीते 26 मई को रेलवे स्टेशन के पास मारने लगे व जान से मारने की नीयत से उसे जबरन घर ले जाकर हाथ-पैर बांधकर पीटा गया और बीस लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गई।

### हत्या के दो आरोपियों की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के घासीगंज में महाराज की हत्या के मामले में आरोपी विमल उर्फ जिगर व नागेंद्र दुबे की जमानत अर्जी एससी एसटी की विशेष कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। एडीजीसी सुशील उपाध्याय के मुताबिक 18 मार्च 2025 रात्रि की घटना में मृतक महराज की बहू ज्ञानमती ने गांव के ही विमल उर्फ जिगर, नागेंद्र दूबे व वैभव के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार युवक बाल-बाल बचा

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना गोसाईंगंज क्षेत्र के करनाइतपुर मोड़ के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार इर्टिगा कार ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। राजापुर निवासी राहुल कसौंधन इस हादसे में सड़क पर गिरकर कुछ दूर तक घिसट गए। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। कार चालक मौके से फरार हो गया। राहुल ने गोसाईंगंज थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश जारी है।

### अहमदनगर से चला युवक भुसावल स्टेशन से लापता

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना धनपतगंज क्षेत्र के पीरोकला गांव निवासी गणेश तिवारी अहमदनगर से घर लौटते वक्त भुसावल रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध हालात में लापता हो गए। एक सप्ताह बीतने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला है, जिससे परिजन बेहद चिंतित हैं। 3 जून को गणेश तिवारी गोवा एक्सप्रेस से अहमदनगर से रवाना हुए थे। लेकिन ट्रेन जब भुसावल पहुंची, तभी से उनका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने रेलवे स्टेशनों, परिचितों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन असफल रहे। आखिरकार परिजनों ने ऑनलाइन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है और प्रशासन से युवक की सकुशल वापसी की गुहार लगाई है।

# महिला की हत्या के मामले में गवाह तलब

## अदालत से

▸▸ बड़गांव निवासी ज्ञानेंद्र मौर्य की बहन उर्मिला मौर्य की 26 जून 2024 की हत्या से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** संग्रामपुर थानाक्षेत्र के बड़गांव में बीते साल महिला की हत्या के मामले में केस दर्ज कराने वाले भाई ज्ञानेंद्र मौर्य को जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ल ने गवाही के लिए तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 17 जून को होगी।

अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के बड़गांव निवासी ज्ञानेंद्र मौर्य की बहन उर्मिला मौर्य की 26 जून 2024 की हत्या कर छाछा गांव के जंगल में शव फेंक दिया गया था। मृतका के भाई ने अज्ञात में हत्या मुकदमा दर्ज कराया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने संग्रामपुर थाने के कंसापुर गांव निवासी ओम शंकर द्विवेदी उर्फ अविनाश को आरोपित बनाया। पुलिस ने तीन जुलाई 2024 को आरोपित ओम शंकर द्विवेदी को हत्याकांड में प्रयुक्त पिस्टल समेत गिरफ्तार कर बीती तीन जुलाई को जेल भेज दिया था। वादी मुकदमा ज्ञानेंद्र मौर्य का मुख्य बयान बीते दिनों कोर्ट में दर्ज हुआ था। सेशन जज ने वादी को जिरह के लिए 17 जून को तलब किया है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी की रिहाई का आदेश

एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल भेजे गए अमेठी जिले के रायबरेली जिले के थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के सोनिया नगर निवासी नरेंद्र बहादुर यादव उर्फ वकील की जमानत न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया गौरीगंज के उपनिरीक्षक इन्द्रेश कुमार ने तीन मई को जामो तिराहे के पास काजपट्टी के पास से 26 ग्राम स्मैक की कथित बरामदगी दिखाकर मनीष यादव को जेल भेज दिया था।



दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ता व वादकारीगण। अमृत विचार

### पूर्व थानाध्यक्ष समेत 5 के खिलाफ अर्जी पर सुनवाई आज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** ग्राम प्रतापपुर सुलेमनपुर, थाना करौंदी कलां निवासी मनोज कुमार द्वारा तत्कालीन करौदीकला थानाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, सिपाही महेन्द्र पाल सहित पांच लोगों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में दी अर्जी पर सीजेएम कोर्ट में सुनवाई 10 जून को होगी। मनोज कुमार ने आरोप लगाया है कि 14 अगस्त 2024 की शाम करीब छह बजे आरोपित एक राय होकर उसके घर में घुस आए और उससे दस लाख रुपये रंगदारी की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसे व उसकी पत्नी को गालियां दी गईं, मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। अर्जी में कहा है कि विवादित गाटा संख्या 116 की जमीन को श्यामकली के नाम बैनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। थानाध्यक्ष द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। पुलिस में शिकायत के बावजूद कारवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली है। प्रकरण में थाना करौदीकलां से रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल की जा चुकी है। अब इस मामले में सुनवाई 10 जून को होगी।

### दुष्कर्म के आरोपी पर आरोप तय

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** युवती के साथ दुराचार व अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपित विशाल के खिलाफ सोमवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने आरोप तय कर दिया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता दान बहादुर वर्मा ने बताया अखंड नगर थाने के एक गांव की युवती ने 13 सितंबर 2024 को कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा निवासी विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

### अग्रिम जमानत याचिका खारिज

सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने सोमवार को ग्राम वचनपुर थाना कुड़वार निवासी मनोज कुमार पाठक, इन्द्रभद्र पाठक उर्फ धीरज पाठक व राजदेव पाठक की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोपियों पर वादी आशुतोष पाण्डेय को खेत में लगे बांस व तार तोड़ते समय मना करने पर सरिया व धारदार हथियार से मारने, गाली-गलौज करने, घर में घुसकर पीटने व बुआ को भी मारने का आरोप है।

### पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी के केस में सुनवाई 25 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और अन्य आरोपियों पर विचाराधीन मुकदमे में सोमवार को पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी फास्ट ट्रैक कोर्ट में हाजिर अदालत रहे। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 25 जून तक टल गई। कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 दिसम्बर 2002 को सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा और रामार्य पाठक समेत 14 लोगों ने कादीपुर कोतवाली में पहुंचकर बलवा ,नारेबाजी, पथराव और डकैती की थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर मुकदमे की विवेचना कर कादीपुर सीओ विजय नारायण ने 14 लोगों पर चार्जशीट दाखिल की थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### गैंगस्टर आरोपी ने किया समर्पण, जेल

कुड़वार थानाक्षेत्र में गैंगस्टर के मामले में दो साल पूर्व आरोपित कुड़वार थाने के गंजेहड़ी निवासी नूर आलम ने सोमवार को कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।गैंगस्टर एक्ट की विशेष कोर्ट प्रभारी न्यायाधीश निशा सिंह ने आरोपित को 11 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है।

# जूते की दुकान में आग से लाखों की क्षति

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के हरौरा बाजार में रविवार की आधी रात शॉर्ट सर्किट से जूता-चप्पल की दुकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो बाइक सहित लगभग 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ। आग इतनी भयंकर थी कि दमकल की दो गाड़ियों को आग पर काबू पाने में दो घंटे से अधिक समय लग गया।

कस्बा निवासी आशीष दीक्षित की सोनू शू पैलेस नाम से दुकान उनके आवासीय मकान के अगले हिस्से में स्थित है। रविवार की शाम वह दुकान बंद कर खाटू श्याम के दर्शन के लिए बाहर गए थे, जबकि उनका परिवार मकान के ऊपरी हिस्से में सो रहा था। रात करीब 12 बजे अचानक दुकान से धुआं निकलता देख परिवार के सदस्य घबरा गए। जब तक वे कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बाहर निकलने का रास्ता भी आग की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में दुकान में रखे करीब पांच लाख रुपये मूल्य के जूते-चप्पल, दो बाइक, एक साइकिल, एक बेड, कीमती कपड़े और बर्तन पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रतिष्ठान मालिक के अनुसार कुल मिलाकर उन्हें करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



रात में आग बुझाने का प्रयास करते लोग। अमृत विचार

▸▸ हरौरा बाजार का मामला, दमकल कर्मियों ने 2 घंटे में पाया काबू

### पागल कुत्ते ने आधा दर्जन लोगों व 3 बकरियों को काटा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआ कला थाना क्षेत्र के चौदहवा मोहल्ले में एक पागल कुत्ते ने 24 घंटे के अंदर जमकर आतंक मचाया। पागल कुत्ते ने छह लोगों समेत तीन बकरियों को काट लिया। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी हसनपुर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। रविवार को सोनू पुत्र होरीलाल पर कुत्ते ने हमला किया और हाथ में काट लिया। इसके कुछ देर बाद पलिया निवासी अभिमन्यु, जो अपनी मौसी के घर आया हुआ था, उसके पैर में काट लिया। इसके बाद एक राहगीर भी कुत्ते का शिकार बना। पागल कुत्ते ने खेतों में चर रही तीन बकरियों को भी दौड़ा कर काट लिया। सीएचसी प्रभारी एपी त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध है और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से अपील की है कि पागल कुत्ते को जल्द पकड़ा जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

## सार-संक्षेप

### खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसे को दावत

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में सड़क किनारे खुले में रखे ट्रांसफार्मर लगातार दुर्घटना की आशंका पैदा कर रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा इन्हें सुरक्षित करने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बंगर कला, करौंदीकला, सड़सी, शुकुलपुर जैसे गांवों में खंभे या चबूतरे पर लगे ट्रांसफार्मर न तो जाली से घिरे हैं और न ही किसी प्रकार की चेतावनी लगी है। रोजाना स्कूली बच्चे, राहगीर व पशु इन ट्रांसफार्मरों के बेहद करीब से गुजरते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, खासकर बारिश के मौसम में जब ट्रांसफार्मरों के पास पानी भर जाता है। जेई सुमित मंडल ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं थी। जांच कर रिपोर्ट भेजी जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि शीघ्र ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित किया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



करौंदीकला में खुले में रखा ट्रांसफार्मर।

### महिला उत्पीड़न को लेकर सुनवाई कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महिला उत्पीड़न की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई का आयोजन 11 जून को किया जाएगा। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी वी. पी. वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य सचिव के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई प्रेरणा सभागार, विकास भवन, सुलतानपुर में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रभात करेंगी।

### आप सांसद के ट्वीट पर दी सफाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आप सांसद संजय सिंह के ट्वीट के बाद स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सुलतानपुर के प्रिंसिपल डॉ सलिल श्रीवास्तव ने सफाई दी है। स्पष्ट किया है कि मेडिकोलीगल मामलों में एक्स-रे रिपोर्ट प्लेट पर, जबकि अन्य सभी मरीजों को रिपोर्ट पेपर पर दी जाती है। मरीज की रिपोर्ट संबंधित डॉक्टर द्वारा देखी जाती है और आवश्यकता होने पर रेडियोलॉजिस्ट की राय ली जाती है। महाविद्यालय में रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध हैं। भविष्य में एक्स-रे विवरण को मरीज की आभा आईडी से जोड़ते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर की योजना बनाई जा रही है।

### पुलिस पर फायरिंग, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शनिवार रात पुलिस टीम पर बदमाशों द्वारा फायरिंग की घटना सामने आई है। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने एक युवक को पहचानते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार रात करीब 11:20 बजे थाना दोस्तपुर में तैनात दरोगा बाजा यादव और सिपाही रोशन गश्त के दौरान कटघरा चिराने पट्टी क्षेत्र में पहुंचे थे। उसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पुलिस टीम को गालियां देते हुए फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि, फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ और दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान टॉर्च की रोशनी में सिपाही रोशन ने एक आरोपी की पहचान कर ली। बाद में दरोगा बाजा यादव की तहरीर पर कटघरा पट्टी निवासी अभिषेक निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मामूली बात को लेकर मां-बेटे की पिटाई, तीन पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गंगापुर रोहियांवा गांव में रविवार रात मामूली कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने मां-बेटे की जमकर पिटाई कर दी। गांव निवासी राहुल वर्मा के पड़ोसी रोहित का जीजा उमंग वर्मा अक्सर उसके घर आया-जाया करता था। इसी बात को लेकर रविवार रात करीब साढ़े दस बजे रोहित, रबी और उमंग वर्मा ने राहुल के परिवार को अपशब्द कहना शुरू कर दिया। राहुल की मां संगीता ने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडे से उसकी पिटाई कर दी। मां को बचाने आए राहुल वर्मा को भी तीनों ने मिलकर पीट दिया। सोमवार सुबह राहुल वर्मा ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। इस पर पुलिस ने रोहित, रबी और उमंग वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत तार को लेकर हुई मारपीट में युवक घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के दमोदरपुर गांव में बिजली के नीचे लटकते तार को ऊंचा करने की मांग को लेकर हुए विवाद में रविवार को मारपीट हो गई। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी प्रवेश निषाद के घर के सामने से विपक्षियों का विद्युत तार काफी नीचे से गुजर रहा था इसे ऊंचा करने की बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि विपक्षियों ने लोहे की रॉड और डंडों से प्रवेश की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर देर रात मनीराम, उनकी पत्नी नीलम सहित पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# थाईलैंड में सम्मानित हुए साहित्यकार सर्वेश कान्त

▸▸ बुद्धा इंटरनेशनल अवार्ड 2025 प्रदान किया गया

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जनपद सुलतानपुर की साहित्यिक धरती एक बार फिर गौरवान्वित हुई है। बनमई, जयसिंहपुर निवासी प्रसिद्ध युवा साहित्यकार और शिक्षक सर्वेश कांत वर्मा सरल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बुद्धा इंटरनेशनल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा और हिंदी भाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में प्रदान किया गया।

रामरती इंटर कॉलेज, द्वारिकागंज में कार्यरत सर्वेश वर्मा हिंदी साहित्य में एक प्रखर नाम हैं। उन्होंने यूपी बोर्ड की 6 हिंदी पाठ्य पुस्तकों का लेखन किया है और उनकी रचनाएं आईसीएसई बोर्ड की किताबों में भी सम्मिलित हैं। वर्तमान में वह सीबीएसई बोर्ड की हिंदी पुस्तक लेखन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें विद्या वाचस्पति मानद उपाधि भी प्राप्त है। इस मौके पर आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु', डॉ. राम प्यारे प्रजापति, डॉ. सुशील कुमार पांडेय 'साहित्येन्दु', डॉ. आद्या प्रसाद सिंह 'प्रदीप', दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश', पवन कुमार सिंह, बृजेश वर्मा, रमेशचंद्र नंदवंशी समेत रामरती कॉलेज के प्रबंधक भूपेंद्र नाथ वर्मा ने उन्हें बधाई दी है।

# पानी की गुणवत्ता व ट्रैफिक पूर्वानुमान में पेश किए समाधान

▸▸ केएनआईटी के छात्रों ने बनाए दो नवाचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने दो अभिनव तकनीकी प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। ये प्रोजेक्ट पानी की गुणवत्ता और ट्रैफिक की पूर्व जानकारी देने में मददगार साबित हो सकते हैं। छात्रों ने इन समाधान में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिसिस और वेब तकनीकों का इस्तेमाल किया है।

सार्थक पांडेय के नेतृत्व में बनी टीम ने एक ऐसा वेब ऐप तैयार किया है, जिसमें पानी के विभिन्न मानकों (जैसे पीएच, तापमान, ऑक्सीजन स्तर) को दर्ज करने पर वह पानी की गुणवत्ता एक्सीलेंट और वेरी पुअर तक दिखाता है। इसमें "व्हाट-इफ सिम्युलेटर" की सुविधा भी दी गई है, जिससे मानकों को बदलकर उसका असर देखा जा सकता है।

पूर्वी गुप्ता के नेतृत्व में तैयार प्रोजेक्ट, पुराने ट्रैफिक डेटा के आधार पर दिन, महीना और वाहन श्रेणी के अनुसार ट्रैफिक का अनुमान लगाता है। इसे भविष्य में मोबाइल और वेब ऐप के रूप में आम लोगों के लिए उपलब्ध कराने की योजना है।

इन दोनों तकनीकी समाधानों को आगे और विकसित कर देश के विभिन्न इलाकों में लागू किया जा सकता है। इनसे जल प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण और शहरी योजना में मदद मिलेगी। केएनआईटी निदेशक प्रो. राजीव उपाध्याय ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह नवाचार समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अहम कदम है। वॉटर क्वालिटी प्रोजेक्ट टीम में सार्थक पांडेय, विकास शर्मा, प्रफुल्ल कुमार दीपक, विशाल निषाद, सौरभ चौधरी शामिल रहे। ट्रैफिक प्रेडिक्शन टीम में पूर्वी गुप्ता, श्रेया चतुर्वेदी, अभिनव अग्रहरि, आकार्श श्रीवास्तव शामिल रहे। दोनों प्रोजेक्ट डॉ. रुचिन अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूरे हुए।



केएनआईटी के छात्रों ने बनाए तकनीकी नवाचार। अमृत विचार

## आयोजन

डीएम के अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व के मामले आए

# 19 मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील जयसिंहपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक भी मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही 19 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया। शेष प्रार्थना पत्रों में से कुछ मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर भेजने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अवशेष प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप, जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक समाधान किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारी समन्वित प्रयासों से जन समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें।

139 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त

इस अवसर पर विभिन्न विभागों से कुल 139 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 19 का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं, जिला स्तरीय समाधान दिवस के साथ ही जनपद की अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां तहसील स्तरीय अधिकारियों ने जन शिकायतों को सुना और उनका निस्तारण किया।




जयसिंहपुर में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# शिवाजी के सपनों को साकार करने का लिया गया संकल्प

▸▸ आ000000000000 हमारे

**सुलतानपुर अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की दुबेपुर इकाई द्वारा सोमवार को बंधुआ कला कस्बे में हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के अद्भुत योगदान और हिंदू साम्राज्य की पुनर्स्थापना पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और सुलतानपुर विभाग प्रमुख दयाराम ने कहा कि "ज्येष्ठ मास की त्रयोदशी" का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन शिवाजी महाराज को उनका खोया हुआ राजपाट पुनः प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम शिवाजी के सपनों को साकार करें और हिंदू धर्म की रक्षा तथा विस्तार के लिए संगठित प्रयास करें।

दयाराम ने कहा, "हिंदू समाज को जागरूक करने और उसकी संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए कई महापुरुषों ने संघर्ष किया है। आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है।" यहां जिला सह संपर्क प्रमुख सत्य प्रकाश, खंड कार्यवाहक मनोज सिंह, विहिप प्रखंड मंत्री जितेंद्र कसेरा, तथा भाजपा नेता पवन सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# 82 शिकायतों में 7 का मौके पर ही किया गया निस्तारण

## सिद्धार्थनगर की इटवा तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस का आयोजन, पुलिस अधीक्षक भी रहे मौजूद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार की उपस्थिति में तहसील इटवा में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील इटवा में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया और तत्काल जिला स्तरीय

- **शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

टीम बनाकर मौके का जांच का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस इटवा में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया गया तो सम्बन्धित के



सिद्धार्थनगर में लोगों में शिकायतें सुनते डीएम। अमृत विचार

विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगाएंगे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायते प्राप्त हो रही उन शिकायतों का गम्भीरतापूर्वक पर मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस पर कुल 82 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-31, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-11, विकास-09, विद्युत-04 वअन्य-27 शामिल थे। जिलाधिकारी ने राजस्व के 7 प्रार्थनापत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त डीएफओ पुष्प कुमार के, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग इटवा आशीष भारद्वाज, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, तहसीलदार इटवा, तहसील इटवा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया तहसील का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा तहसील इटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट को देखा गया। उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 5 वर्ष व 3 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कोर्ट के पेशकार द्वारा 3 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो की पत्रावली न दिखा पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। तहसीलदार कोर्ट के पेशकार को भी पत्रावलियों को ठीक करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने 03 वर्ष के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक इटवा, तहसीलदार इटवा व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# ब्लाक प्रमुखपति के 82 हजार छीने, गाडी भी तोड़ी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नौगढ़ ब्लॉक प्रमुख के पति राजेश कुमार मिश्र की गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने के साथ उसमें रखे 82 हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है। राजेश ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के टोला मल्हा निवासी राजेश कुमार मिश्र की पत्नी नौगढ़ ब्लॉक की प्रमुख हैं। वह उनके प्रतिनिधि हैं। राजेश मिश्र के मुताबिक, रविवार की रात वह सदर क्षेत्र के बड़गो गांव में बारात में गए थे। उसके साथ तीन अन्य लोग भी थे। आरोप है कि गांव के बाहर

- **पुलिस को शिकायतीपत्र देकर की कार्रवाई की मांग**

तकरीबन 500 मीटर पहले ही सड़क पर छह से अधिक लोग खड़े थे। उन्होंने सड़क से हटने के लिए हार्न बजाया तो वे लोग गाली देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। राजेश के मुताबिक, वे लोग लाठी-डंडे से गाड़ी पीटने लगे। नशे में धुत उन लोगों ने गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखे 82 हजार रुपये निकाल लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बहुत कुछ सिखाते हैं शैक्षिक भ्रमण

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** शैक्षिक भ्रमण बच्चों को भाषा विकास,पर्यावरण, नैतिक शिक्षा और सामाजिक जनजीवन से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों की बेहतर सीख प्रदान करते हैं। सोमवार को सदर ब्लाक नौगढ़ के अन्तर्गत संचालित समर कैंप के बच्चों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसडिलिया का शैक्षिक भ्रमण कराने के पश्चात यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने व्यक्त किए। शैक्षिक भ्रमण में शामिल विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को डीसी अमित शुक्ला,आशीष मिश्रा, करूणापति त्रिपाठी तथा एसआरजी सदस्य अंशुमान सिंह ने औद्योगिक प्रशिक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराया।

# शाहपुर-भोजपुर बांध खस्ताहाल बाढ़ आई तो डूबेंगे दर्जनों गांव

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के बीरपुर एहतमाली और कोहल गांव के पास बने शाहपुर भोजपुर बांध के उच्चीकरण के दौरान गैप छोड़ दिया गया है। ब्लाक क्षेत्र के वीरपुर एहतमाली व कोहल गांव के पश्चिम से होकर राप्ती नदी जाती है। दोनों गांवों को बाढ़ से सुरक्षा के लिए बांध का एक मीटर उच्चीकरण कराया जाना था। दोनों गांवों के बीच करीब डेढ़ सौ मीटर के गैप को भी भरना था। ठेकेदार ने मनमानी करते हुए बांध करीब आधा मीटर से कम ऊंचा कर कोरम पूरा कर दिया। इतना ही नहीं दोनों गांवों के बीच करीब डेढ़ सौ मीटर का गैप भी नहीं भरा। गांव के अशोक श्रीवास्तव, सांवल प्रसाद, महेश शर्मा, राजू गौतम, नीतीश आदि ने बताया कि ठेकेदार से गैप को भरने के लिए कहा था, लेकिन, उसने कहा अगले साल भरा जाएगा। वहीं, एक मीटर ऊंचा बांध बनाने के जगह केवल आधा मीटर से भी कम ऊंचा कर अपना कोरम पूरा कर भाग गया। अगर बांध को मानक के अनुसार ऊंचा व गैप को नहीं भरा गया तो इस बार भी हम लोग बाढ़ से तबाही का शिकार हो सकते हैं। लोगों ने बांध में छोड़े गैप को भरवाने की मांग की है।

### जिलाधिकारी ने किया तटबंध का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा राप्ती नदी के बाये तट पर स्थित भोजपुर-शाहपुर तटबन्ध का निरीक्षण किया गया। इस तटबंध पर एक जगह जमीन न उपलब्ध होने के कारण गैप रह गया था। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तहसील इटवा के ग्राम बिजौरा में लगभग 1.4 किमी का गैप बचा हुआ था जिसके गैप को भरने का कार्य प्रगति पर था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 15 दिन के अन्दर तटबन्ध के समस्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियन्ता अमित कुमार मल्ल, जूनियर इंजीनियर मिथिलेश लाल दास एवं ज्ञानशंकर आदि उपस्थित थे।

# कायस्थ समाज की एकजुटता पर जोर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ पार्टी की जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ साथ, तहसील एवं ब्लाक स्तरीय कमेटियों का गठन करते हुए पदाधिकारियों के नामों का चयन करने पर मंथन हुआ। इस मौके पर बांसी तहसील मुख्यालय निवासी अंबिकेश श्रीवास्तव को कायस्थ महासभा युवा विंग का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बांसी कस्बा स्थित श्रीवास्तव कालोनी में विजय श्रीवास्तव आवास पर हुई अखिल अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं कायस्थ पार्टी की जिला स्तरीय बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के बगैर समाज के लोगों के हित, अधिकार, सम्मान की लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है। कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष लाल आनंद प्रकाश



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

श्रीवास्तव ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती व कायस्थ समाज को एकजुटता प्रदर्शित करने का समय आ गया है। कायस्थ पार्टी के जिलाध्यक्ष सुदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में एक-दूसरे के सुख-दुख में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। बैठक में सर्वसम्मत से बांसी तहसील मुख्यालय निवासी अंबिकेश श्रीवास्तव को कायस्थ महासभा युवा विंग बांसी तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा संगठन के मुख्य तहसील इकाई के पदाधिकारियों का गठन 15 जून को पुनः बैठक कर चुनाव किए जाने पर सहमति बनी। संचालन जिला मंत्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में केएम लाल, राजेश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, धन्नजय सहाय, डॉ. सुशील सागर, सुरेंद्र श्रीवास्तव, केशव कुमार श्रीवास्तव, कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सुनील रंजन, अंबिकेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### बच्चों ने किया आईटीआई का शैक्षिक भ्रमण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समर कैंप के अंतर्गत बच्चों का आईटीआई नौगढ़ में एकदिवसीय भ्रमण कराया गया, जिसमें बच्चों को वहां के बारे में विभिन्न तरह की जानकारियां शिक्षकों द्वारा दी गई। शिक्षकों ने बताया कि यहां पर कुल 12 तरह के ट्रेड हैं जिसमें फैशन टेक्नोलॉजी, कॉस्मेटोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक इत्यादि तरह के ट्रेड है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नौगढ़, जिला समन्यवक, अमित कुमार शुक्ल, करुणा पति त्रिपाठी, आशीष मिश्रा अंशुमान सिंह, आदि लोग मौजूद थे।

# कृषकों को दिया गया वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़. के ग्राम पंचायत लुचुईया में स्थित पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को कालानमक चावल के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए क्लस्टर प्रभारी एवं चयनित किसानों को कृषि विभाग द्वारा वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजीव सिंह के अध्यक्षता में प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। कालानमक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शोहरतगढ क्षेत्र में तीन क्लस्टर बनायें गये थे। कार्यक्रम में क्लस्टर प्रभारी संजय मिश्रा, सूर्यनाथ मिश्रा व अष्टभुजा पाण्डेय द्वारा कालानमक चावल उत्पादन पर विस्तार से चर्चा किया गया। क्लस्टर में चयनित किसानों में विजय पाल मिश्रा, रमेश बहादुर चौधरी व संजय दूबे ने कालानमक धान की खेती कर रहे किसानों के साथ अपनें अनुभव व विचार को साझा किये। कृषि विभाग के कर्मचारी श्रीधर शर्मा, लवकुश मिश्रा, रिशू कनौजिया व सन्तोष गिरी ने कार्यक्रम में मौजूद किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ योजनाओ की जानकारी दी।

# मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं: माता प्रसाद



संवाददाता, शोहरतगढ़./सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर शोहरतगढ़ विधानसभा के मलगहिया और मिश्रौलिया में सोमवार को बैठक हुई। मुख्य अतिथि नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां जनविरोधी है। गरीबों की इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में संगठित होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। विशिष्ट अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पीडीए सहित समाज के सभी वर्ग जिनके साथ उत्पीड़न हो रहा है। समाजवादी पार्टी उनके लिए संघर्ष कर न्याय दिलायेगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर ही यूपी समृद्ध और खुशहाल बन सकेगा।

इस अवसर पर आयोजक मण्डल ने हाल ही में बढ़नी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु विशेष प्रयास के लिए माता प्रसाद पाण्डेय एवं मणेन्द्र मिश्रा मशाल को मल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट किया। बैठक में मुरली धर मिश्रा, संयोजक मसूद खान, राष्ट्रीय सचिव बहरैची प्रसाद प्रेमी, राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक इब्राहिम बाबा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक शकील शाह, प्रदेश सचिव जावेद, सेक्टर प्रभारीगण हरिनाथ यादव, शब्बू, मकबूल, राजेन्द्र यादव, मतलूब, राम सेवक यादव, छेदी, मारूफ, दानिश, करतब, मजहर, पूर्व प्रधान मो खालिद, लालू गुप्ता, साहिल पूर्व प्रधान, अब्दुल मन्नान, जलाल, फैजान, सलाहुद्दीन, मकसूद रहे।

**जन सुनवाई** जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

# पीड़ितों की समस्याओं का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करें

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को तहसील तमकुहीराज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिशा निर्देश दिये गए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण



कुशीनगर में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल नहीं हो सका है उन्हें शासन की मंशानुसार गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ समाधान के निर्देश दिये।आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 27 मंए से 06 को तत्काल निस्तारित किया गया।पुलिस विभाग से संबंधित 11, विकास विभाग से संबंधित 08, तथा अन्य विभाग के 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 61 में से 06 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 55 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीडीओ कल्पना मिश्रा, परियोजना निदेशक पीयूष, उपजिलाधिकारी तमकुहीराज ऋषभ पुंडीर , सीएमओ डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर, तहसीलदार तमकुहीराज शशिकांत प्रसाद, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, डीसी मनरेगा राकेश सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, कानूनगो व लेखपाल आदि मौजुद रहे।

# चाचा ने भतीजे को गोली मारी

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** जोगिया कोतवाली के कटहना में सोमवार को भूमि विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपने भतीजे पर गोली चला दी। गोली भतीजे सूरज गुप्ता के कान को चीरती हुई निकल गई। पुलिस ने आरोपी चाचा विजय कुमार गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। सोमवार की सुबह तकरीबन 9 बजे भूमि विवाद को हल करने के लिए दोनो परिवारों में बातचीत चल रही थी, इसी बीच मामला गर्मा गया और विजय कुमार गुप्ता ने अपने भतीजे सूरज गुप्ता पर अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर झोंक दिया। गोली भतीजे के कान को घायल करती हुई निकल गयी। परिजनों ने उसे ज़िला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी विजय को हिरासत में ले लिया। घायल सूरज के परिजनों ने जोगिया कोतवाली में हत्या के प्रयास की नामजद तहरीर दी है। उस बारे में पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है।

## सार-संक्षेप

### सदर तहसील: 116 मामलों में 12 का मौके पर निस्तारण



समाधान दिवस पर लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** तहसील समाधान दिवस में सोमवार को तहसील सदर सभागार में सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों की फरियाद सुनी गई। 116 शिकायतों में 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सदर तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने शिकायतों के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया और कहा कि शासन के निर्देश पर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील समाधान दिवस आयोजित होता है। महीने के पहले शनिवार को बकरीद होने के कारण सोमवार को तहसील दिवस आयोजित किया गया। सदर तहसीलदार कहा कि प्रार्थनापत्रों का केवल कागजी खानापूर्ति ना किया जाए, जमीनी विवाद में मौके पर राजस्व विभाग पुलिस विभाग के साथ मिल कर मामले का निस्तारण करे। इस दौरान नायब तहसीलदार अरविन्द नाथ पांडेय नायब तहसीलदार नीरू सिंह नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार महराजगंज/ नोडल गोडधोइया नाला प्रद्युम्न सिंह आदि मौजूद रहे।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**कुशीनगर अमृत विचार :** जनपद के तरया सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सलेमगढ़ पैठानी टोला में शीशम के पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला। दोपहर एक बजे एक बच्चे ने देखा और तो लोगों को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। शव की पहचान बुलेट (28) पुत्र रामाशंकर निवासी टोला नुनिया पट्टी के रूप में हुई। वह कबाड़ का काम करता था। सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान धनबीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** शाहजहांपुर में सड़क हादसे में गोरखपुर के मलांव निवासी शिवम पांडेय समेत तीन की मौत हो गई। शिवम अपनी पत्नी शालिनी पांडेय, ढ़ाई साल के बेटे माधवन, थाना खैराबाद के मालवीय नगर निवासी बहन श्वेता द्विवेदी, श्वेता के पति शिवांश द्विवेदी के साथ कार से नैनीताल घूमने निकले थे। हादसे में शिवम, दो वर्ष का बेटा माधवन और बहन की मौत हो गई। जबकि पत्नी शालिनी पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं, कार में सवार अंगर और सिद्ध द्विवेदी भी सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 6 :30 बजे शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र में जमुका के पास रोड के साइड में खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी।

### पुलिस ने चलाया हिस्ट्रीशीटर चेकिंग अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपदीय पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा हिस्ट्रीशीटर चेकिंग अभियान चलाये जाने के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारीगणों के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षगणों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों के अन्तर्गत 547 हिस्ट्रीशीटर की चेकिंग की गयी। अभियान के तहत हिस्ट्रीशीटरो की गतिविधियों की जानकारी ली गयी तथा उन्हें आवश्यक हिदायत दी गयी ।

### अस्पताल में लगी दलाल का प्रवेश वर्जित की पट्टिका

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर मरीजों से जांच व दवा के नाम पर धन की मांग करने की शिकायत लोगों ने शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा से की थी। इसके बाद विधायक ने चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ रजत चौरसिया से बात कर शिकायत को दूर करने का निर्देश दिया था। इसके बाद




अस्पताल की दीवार पर अंकित निर्देश।

सीएमओ के आदेश पर अस्पताल में दलाल का प्रवेश वर्जित का स्लोगन लिखवा दिया गया। जिस की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है। बताते चलें कि अस्पताल में बढ़ते भ्रष्टाचार की अनेक शिकायतें निरंतर मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक विनय वर्तमा नें सीएमओ डॉ रजत चौरसिया से इसकी जांच करने को कहा था। इसका संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ रजत कुमार चौरसिया ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल की दीवारों पर सभी दवाओं और जांच के निशुल्क होने की सूचना लिखवाई। इसके अलावा यह भी लिखवाया कि अगर कोई भी व्यक्ति मरीजों से किसी भी प्रकार के धन की मांग करता है तो मरीज या परिजन तुरंत डीएम, सीएमओ और अधीक्षक को सूचित करें। यही नहीं उन्होंने अस्पताल में दलाल का प्रवेश वर्जित का स्लोगन भी लिखवा दिया। इस बारे में सीएमओ रजत चौरसिया का कहना है कि उन्होंने सीएचसी शोहरतगढ़ पर भी यही लिखवाया है। अब विधायक जी पूरी तरह संतुष्ट हैं।

### महाप्रबंधक ने किया विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण



निरीक्षण करतीं महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर।

**गोरखपुर अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने सोमवार को गोरखपुर-पनियहवां रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग का निरीक्षण कर इस खण्ड पर दोहरीकरण से सम्बंधित कार्यों की प्रगति, प्री-मानसून सावधानी, सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचलन सम्बन्धी विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही सिगनल की दृश्यता को दुरुस्त बनाये रखने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सौम्या माथुर, परख निरीक्षण यान से विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए अपराह्न पनियहवां स्टेशन पहुँची। पनियहवां-वाल्मिकीनगर के मध्य पड़ने वाली नारायणी नदी पर दोहरीकरण के अंतर्गत पुल के निर्माण योजना की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण अभय कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर नीलमणि, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक अनूप कुमार सतपथी, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल एवं मंडल रेल प्रबंधक/वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### मानव तस्करी रोकने के लिए रेलवे प्रयासरत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने 08 जून को रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी सिटी को गाड़ी संख्या 15159 के कोच संख्या एस-3 के बर्थ संख्या 47 पर 1 नाबालिग लड़की मिली जिसे चाइल्ड लाइन, वाराणसी को सुपुर्द किया गया। 07 जून को रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज को गाड़ी संख्या 15273 के कोच संख्या बी-1 के बर्थ संख्या 10 पर नाबालिग लड़की मिली जिसे चाइल्ड लाइन, कुशीनगर को सुपुर्द किया गया।


### लेखपाल संघ सदर तहसील की कार्यकारिणी भंग

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सदर तहसील लेखपाल संघ निर्वाचित कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष ने भंग कर 20 जुलाई तक चुनाव कराने का निर्देश दिया। सदर तहसील निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष राजू सिंह के कानूनगो पद पर पदोन्नति होने के बाद जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री द्वारा निर्वाचित कार्यकारिणी को भंग करा दिया गया। 21 अप्रैल को प्रदेश महामंत्री द्वारा भंग कार्यकारिणी को बहाल कर दिया। पुन : 8 जून को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अपूर्ण कार्यकारिणी का हवाला देते हुए कार्यकारिणी को भंग कर सदर तहसील में तैनात लेखपाल अनिल कुमार राय को संयोजक व अखिलेश कुमार श्रीवास्तव व दिलीप कुमार सिंह को सहसंयोजक नियुक्त कर दिया। संयोजक और सहसंयोजक को 20 जुलाई तक तहसील सदर गोरखपुर कार्यकारिणी का चुनाव कराने के निर्देश दिए।

# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।

### सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3 .4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी



- स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। अमेरिका और चीन के बीच एक और दौर की व्यापार वार्ता को लेकर भी बाजार में धारणा सकारात्मक रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। इससे अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी आई है। ऊर्जा, आईटी और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही। इसका कारण आरबीआई की नीतिगत दर और सीआरआर में कटौती है।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

### लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।



# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

### पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है। उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है।

कहा कि चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय



तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। उन्हें आरक्षण और समान अधिकारों से वंचित करने

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

की साजिश जारी है। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है।

कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस ने देश की जीडीपी वृद्धि दर को 5-6 प्रतिशत पर बनाए रखने की आदत बना ली है, जो संप्रग के दौरान औसतन 8 प्रतिशत होती थी। उन्होंने कहा, सालाना 2 करोड़ नौकरियों के वादे को पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीन ली गईं। मुद्रास्फीति के कारण सार्वजनिक बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है।

### सबसे बड़ा जहाज



दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई।

## एक नजर

### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### असम से 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने या रहने वाले बंगलादेशी नागरिकों पर कड़ा रुख दोहराते हुए कहा है कि लगभग 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया है और उनमें से कोई भी वापस नहीं आया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उनके लिए वापस लौटना संभव नहीं है और हम इसके लिए दृढ़ हैं और उनकी वापसी में तेज़ी लायी जाएगी।

## व्यवसायी से रिश्वत लेने के आरोप में आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता अधिकारियों ने 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मगढ़ के उप-कलेक्टर धीमान चकमा को एक स्थानीय व्यवसायी से कथित तौर पर दस लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आईएएस अधिकारी को रविवार को 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह राशि कुल 20 लाख रुपये की रिश्वत मांग की एक किस्त थी। चकमा ने व्यवसायी को धमकी दी थी कि अगर उसे रिश्वत नहीं मिली तो वह उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है – जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# क्रिश्चियन मिशेल की सुरक्षा रिपोर्ट लापता अदालत ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

## खेल डायरी

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है। शीर्ष छह टीमें अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में अगले साल होने वाले विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। इसकी पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये है।

### डीडीसीए की पहली महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली :** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने इस अवसर पर कहा यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिये बेहतरीन अवसर है। उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि संगीता जेटली ने कहा यह ऐसा मंच है जहां परिश्रम और आत्मबल की वास्तविक परख होगी। मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों तक यह प्रेरणा और उत्साह का प्रतीक बना रहेगा।

### भारतीय निशानेबाजी लीग से भारत को बढ़ावा मिलेगा

**नयी दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) भारत और दुनिया भर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। तोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। उन्होंने एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन, अमेरिका) प्रतियोगिताओं में केंटुकी विश्वविद्यालय और वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ जर्मनी की बुंडेसलीगा में साल्टेंडोर्फ टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। टकर ने कहा मुझे लीग बहुत पसंद है।

### दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

**लंदन :** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है।

### हम अतीत के दिग्गजों का सम्मान करना चाहते हैं : महाराज

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज बुधवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ग्रीम स्मिथ और उनकी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन रही टीम के साथी खिलाड़ियों का अनुसरण करना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने 13 साल पहले लॉर्ड्स पर ही टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। उस टीम में स्मिथ, जाक कैलिस, डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इंग्लैंड को मात दी थी। महाराज ने कहा मुझे वह पल याद हैं जब उन्होंने गदा को उठाया था। हम अपने लिये जीतना तो चाहते ही हैं लेकिन अतीत के दिग्गजों को भी सम्मानित करना चाहते हैं। उम्मीद है कि यह खिताब जीतकर हम भी उनकी जमात में शामिल हो सकेंगे। दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर लंदन पहुंची है। उसे आखिरी बार फरवरी 2024 में टेस्ट मैच में पराजय मिली थी।

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा। मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा।

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है।



शुभमन गिल



चेतेश्वर पुजारा



आशीष नेहरा



इरफान पठान।

पूर्व हरफनमौला इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है।

ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे।

## भारत ए की बढ़त 400 रन के पार

**नॉर्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के अर्धशतक से भारत ए ने सोमवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 417 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 438 रन तक पहुंचाई। कोटियान ने अब तक 108 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे हैं। उन्होंने और कंबोज ने दूसरे सत्र में इंग्लैंड लॉयन्स के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। दोनों अब तक आठवें विकेट के लिए 149 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

कंबोज ने भी मेजबान टीम के थके हुए गेंदबाजों का फायदा उठाते हुए उम्दा पारी खेली। मेजबान टीम को विकेट की तलाश में कामचलाऊ गेंदबाजों को भी आजमाना पड़ा लेकिन सफलता नहीं मिली। कोटियान ने 74वें ओवर में बेन मैकिनी की गेंद को थर्ड मैन पर चार रन के लिए खेलकर अपना 16वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने 91वें ओवर में तीन रन के साथ अपना पहला अर्धशतक जड़ा।

## एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड से लगातार दूसरा मैच हारा भारत

**एम्सटेलवीन :** नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब सोमवार को नीदरलैंड ने उसे 3-2 से हराया। सात जून को पहले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिये पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था जो अपना 100वां मैच खेल रहे थे। नीदरलैंड के लिये थीज वैन डैम ने 24वें, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे। भारत ने मुकाबले में तेज शुरुआत की और पहले क्वार्टर में नौ बार विरोधी टीम के सर्कल में प्रवेश किया लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को पहला मौका छठे मिनट में मिला लेकिन अभिषेक का शॉट गोल से दूर रहा। शिलानंद लाकड़ा भी इसके बाद मिडफील्ड से गेंद को अपने कब्जे में लेकर आगे बढ़े लेकिन गोल करने में नाकाम रहे।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

**पेरिस, एजेंसी**

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।


फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।



फ्रेंच ओपन विजेता कार्लोस अल्कारेज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। ● एजेंसी

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ (अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होंगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

## मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए।

ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, एजेंसी**

- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।





जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

## एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं। वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

गर्मी से राहत



दिल्ली के कई इलाके भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसके बावजूद सोमवार को चाणक्यपुरी के संजय कैंप में पानी का टैंकर पहुंचा तो गर्मी से परेशान बच्चे पीने के पानी का संकट भूलकर पानी से खेलने में मशगूल हो गए। एजेंसी

## कोई नहीं जानता...

# देश में गर्मी से कितनी मौतें..!

पिछले साल मई की तपती दोपहर में दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक कूड़ा बीनने वाला व्यक्ति गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर पड़ा। पेशे से सफाई कर्मचारी मजीदा बेगम ने उसे इस हालत में देखा और बताया कि परिवार उसे अस्पताल ले गया। लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास इस बात का कोई सबूत नहीं था कि वह गर्मी के कारण मरा है, इसलिए उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला। उसकी मौत को कभी आधिकारिक तौर पर गर्मी से मौत के रूप में नहीं गिना गया। यह भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण मरने वाले अनगिनत लोगों में से एक मामला है, जो कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए और न ही उन्हें कभी मुआवजा दिया गया।

### गर्मी से मौतों की निगरानी के तीन माध्यम

वर्तमान में तीन अलग-अलग आंकड़ों में लू और गर्मी से मौत के मामलों की निगरानी की जाती है। सबसे अधिक स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) और गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े उद्धृत किए जाते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) भी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लू या गर्म हवाओं के कारण होने वाली मौत के आंकड़े रखता है, जो मुख्य रूप से मीडिया में आई खबरों से प्राप्त आंकड़े होते हैं।

### कोई भी निगरानी सटीक नहीं

ये तीनों स्रोत व्यापक रूप से मौतों की अलग संख्याएं बताते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से आरटीआई के जरिए प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत 2015 से 2022 के बीच गर्मी से संबंधित मौत के 3,812 मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी के मुताबिक इसी अवधि में ये आंकड़ा 8,171 मौतों का है। इसी अवधि में आईएमडी की वार्षिक रिपोर्ट में लू से मौत के 3,436 मामले दर्ज हैं।

### राज्य नहीं देते आंकड़े

कई राज्यों ने अपने आंकड़े केंद्र के साथ साझा नहीं करते। इन राज्यों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु शामिल हैं। इससे लू और गर्मी से होने वाली मौतों का सही आंकड़ा प्राप्त नहीं होता।



### अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग आंकड़े

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एनसीआरबी के आंकड़े काफी हद तक सार्वजनिक स्थानों, घरों और अन्य जगहों पर मृत पाए गए लावारिस लोगों की संख्या दर्शाते हैं। एनसीआरबी के अनुसार 2022 में लू/गर्मी से 730 लोगों की मौत हुई, 2021 में 374 और 2020 में 530 लोगों की मौत हुई। इसके विपरीत, एनसीडीसी के आंकड़ों के अनुसार 2022 में गर्मी से संबंधित मौत की संख्या केवल 33 है, 2021 में गर्मी से किसी की मौत नहीं हुई और 2020 में गर्मी के कारण चार लोगों की मौत हुई।

### रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त तंत्र नहीं

दिल्ली में केंद्र सरकार संचालित एक अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक अधिकतर अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी से उचित डाटा संग्रह और रिपोर्टिंग में बाधा आती है। मई में इंडिया हीट समिट 2025 में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने भी देश की मृत्यु-रिपोर्टिंग प्रणालियों की कमियों को उजागर किया था।

## एक नजर

### सऊदी अरब ने भारतीयों पर नहीं लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने आज यहां कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

### सिंगापुर: चोरी करते पकड़ी गईं दो भारतीय महिलाएं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर अलग-अलग दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में दो भारतीय महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार ने पुलिस के बयान का हवाला देते हुए बताया कि 29 और 30 साल की उम्र की इन महिलाओं ने दो जून को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों महिलाओं को देश छोड़ने से पहले हिरासत में लिया गया।

### बम की धमकी, गल्फ एयर का विमान कुवैत में उतरा

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली: से 66 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वजीरपुर और नयी सब्जी मंडी इलाकों में 66 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिनमें 20 पुरुष, 16 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल हैं। हिरासत में लिए गए ये लोग 11 परिवारों से हैं और राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रहे थे। एक गुप्त सूचना मिलने के बाद छह जून को अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, ये विदेशी नागरिक हाल ही में हरियाणा के नूंह (पूर्व में मेवात) से यहां आए थे, जहां वे ईंट भट्ठों में काम करते थे।

# लॉस एंजिलिस: सैनिकों की तैनाती से भड़के प्रदर्शनकारी, वाहन फूंके

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया, अफसरों ने दागे आंसू गैस के गोले

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ तीन दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर लॉस एंजिलिस में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की असाधारण तैनाती को लेकर रविवार को तनाव और बढ़ गया, जहां हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, उन्होंने एक प्रमुख राजमार्ग पर जाम लगा दिया और स्वचालित गाड़ियों में आगजनी की। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को घोड़ों पर सवार होकर सड़कों पर गश्त करते देखा गया और शील्ड पहने कुछ पुलिसकर्मी संघीय केंद्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सैन्य जवानों के पीछे खड़े देखे गए। सैन्य जवानों को उस हिरासत केंद्र की सुरक्षा में भी तैनात किया गया है जहां हाल के दिनों में कुछ अप्रवासियों को ले जाया गया था। पुलिस ने प्रदर्शन को गैरकानूनी सभा घोषित किया और शाम होते-होते कई प्रदर्शनकारी लौटने लगे लेकिन मौके पर डटे प्रदर्शनकारियों ने पास के एक पार्क से कुर्सियां लाकर एक अस्थायी अवरोधक बना दिया तथा दूसरी तरफ खड़े पुलिसकर्मियों पर वस्तुएं फेंकना शुरू कर दिया।

कुछ प्रदर्शनकारियों ने राजमार्ग 101 अवरुद्ध कर पुलिस पर पथराव किया और उनकी तरफ पटाखे फेंके, जिसके बाद खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को एक पुल के नीचे छिपना पड़ा। आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ पिछले तीन दिन से प्रदर्शन किया जा रहा है। सेना के 300 जवानों की तैनाती के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। नेशनल गार्ड के जवान सुबह से ही लॉस एंजिलिस में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर के बाहर बंदूकें लिए और शील्ड पहने खड़े हैं। प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के खिलाफ 'शर्म करो' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सैन्य जवानों के करीब पहुंचने की कोशिश की लेकिन वर्दीधारी अधिकारियों ने उन्हें को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।



प्रदर्शनकारियों ने नेशनल गार्ड की तैनाती के विरोध में कई वाहनों में आग लगा दी।

### आव्रजन पर बढ़ते तनाव के बीच नए यात्रा प्रतिबंध लागू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 12 अफ्रीकी और पश्चिम एशियाई देशों के नागरिकों के अमेरिका यात्रा करने पर लगाए गए नए प्रतिबंध सोमवार से प्रभावी हो गए। यह प्रतिबंध राष्ट्रपति के आव्रजन प्रवर्तन अभियान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच लगाया गया है। ट्रंप ने बीते बुधवार को इस नई घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमा, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन के नागरिकों पर लागू होते हैं। इसके अलावा बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेज़ुएला के उन नागरिकों पर भी सख्त शर्तें लागू की जाएंगी जो अमेरिका के बाहर हैं और जिनके पास वैध वीजा नहीं है।

कुछ ही मिनट बाद लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए भीड़ नियंत्रण हथियारों का इस्तेमाल किया। इसके बाद प्रदर्शकारियों ने राजमार्ग 101 पर यातायात जाम कर दिया, लेकिन बाद में 'कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल' के अधिकारियों ने उन्हें सड़क से हटा दिया, लेकिन दक्षिण की ओर जाने वाली लेन पर यातायात बंद है। पास में, कम से कम चार स्वचालित कारों में आग लगा दी गई, इलेक्ट्रिक वाहनों के जलने के साथ विस्फोट की आवाज भी सुनाई दी।

### जम्मू-कश्मीर में सैनिक ने खुद को गोली मारी, मौत

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग इलाके में एक शिविर में एक सैनिक ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित 9वीं राज राइफल कैंप के लांस नायक बनवार लाल सरन ने रविवार रात अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि राजस्थान के रहने वाले जवान की मौके पर ही मौत हो गई। शव को चिकित्सकीय और कानूनी औपचारिकताओं के लिए तंगमर्ग उप जिला अस्पताल ले जाया गया।

### समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी विमान

**सैन डिएगो।** सैन डिएगो के निकट सागर तट से आठ किलोमीटर दूर समुद्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे के वक्त विमान में छह लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर प्वाइंट लोमा के निकट मलबे का एक क्षेत्र पाया गया, जहां हादसाग्रस्त विमान की तलाश शुरू की गई।

# शिक्षा मद के 2291 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- तमिलनाडु सरकार का अनुरोध शीर्ष कोर्ट ने ठुकराया

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) की 2291.30 करोड़ रुपए की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मामले का विशेष उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की तत्काल सुनवाई की दलीलें सुनने के बाद कहा, इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है, इसे आंशिक कार्य दिवसों (ग्रीष्मकालीन अवकाश) के बाद इस पर सुनवाई की जा सकती है। तमिलनाडु सरकार ने लाखों बच्चों की पढ़ाई के नुकसान का हवाला देते हुए याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

अपनी याचिका में उसने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के कार्यान्वयन न करने के कारण के केंद्र सरकार एसएसएस के तहत तमिलनाडु को मिलने वाली धनराशि रोक रही है। राज्य की द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें एक मई, 2025 से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

### ठग लाइफ: कर्नाटक थिएटर एसोसिएशन से कहा- हाईकोर्ट जाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग के लिए सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर भी तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कर्नाटक के थिएटर एसोसिएशन से कहा कि वे इसके बजाय कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख करें। याचिकाकर्ता के वकील ने सिनेमाघरों में आग लगाने की धमकियों का जिक्र किया। मगर न्यायमूर्ति मिश्रा ने तत्काल सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा, अग्निशामक यंत्र लगाएं।

# रूस ने यूक्रेन पर बमबारी के लिए एक रात में 479 ड्रोन से किया बड़ा हमला

कीव, एजेंसी

यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा कि रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। वायु सेना के अनुसार, ड्रोन के अलावा यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न प्रकार की 20 मिसाइलें दागी गईं।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि हमले के दौरान मुख्य रूप से यूक्रेन के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। वायु सेना के एक बयान में कहा गया है कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइल ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सके। लेकिन इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

रूस के हवाई हमले आमतौर पर देर शाम को शुरू होते हैं और सुबह खत्म होते हैं, क्योंकि अंधेरे में ड्रोन को पहचानना मुश्किल होता है। रूस ने तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान लगातार यूक्रेन के नागरिक इलाकों में शाहिद ड्रोन से हमला किया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन हमलों में 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। रूस का कहना है कि वह सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता है।

### अमेरिका के दिए 26 अब्राम टैंकों को रूस ने किया नष्ट

**मास्को।** रूसी सशस्त्र बलों ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गये 31 अब्राम टैंकों में से अबतक 26 को नष्ट कर दिया है। यह जानकारी स्पूतनिक ने सोमवार को दी। जनवरी 2023 में, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को 31 एम1 अब्राम टैंक देने की घोषणा की थी। स्पूतनिक की गणना के अनुसार, रूसी सेना ने फरवरी 2024 से अब तक 26 टैंकों को नष्ट कर दिया है। इस तरह के पहले टैंक को 26 फरवरी, 2024 को अवदेयेवका दिशा में त्सेंट्र समूह की सेनाओं ने नष्ट कर दिया था। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। एम1 जनरल अब्राम्स का लगातार उत्पादन 1980 में शुरू हुआ था। इस टैंक का नाम जनरल क्रेयटन अब्राम्स के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक टैंक बटालियन की कमान संभाली थी।

### एक्सिओम-4 मिशन 11 जून तक स्थगित

**नई दिल्ली।** इसरो ने सोमवार शाम को बताया कि मौसम की स्थिति के कारण भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

आईएसएस की यात्रा के लिए कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन-9 रॉकेट को मंगलवार शाम को अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरनी थी। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा, मौसम की स्थिति के कारण, भारतीय गगनयात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन भेजने के लिए एक्सिओम-4 मिशन का प्रक्षेपण 10 जून 2025 के बजाय 11 जून 2025 के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# केरल तट के पास जहाज में आग लगी

- चालक दल के 22 में 18 सदस्यों ने जहाज छोड़ा

कोच्चि, एजेंसी

सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज एमवी वान हाई 503 पर सोमवार सुबह केरल तट के पास आग लगने की सूचना मिलने के बाद चालक दल के सदस्यों को उससे निकाला जा रहा है। एक रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों में से 18 ने जहाज छोड़ दिया है, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने उनका बचाव अभियान शुरू किया है।

जनसंपर्क अधिकारी ने कहा, जहाज में अभी आग लगी हुई है और वह बिना नियंत्रण के गतिमान है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय तटरक्षक जहाज सचेत, अर्नवेश, समुद्र प्रहरी, अभिनव, राजदूत और सी-144 बचाव अभियान में शामिल हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जहाज एमवी वान हाई 503 पर विस्फोट की सूचना मिली है, लेकिन बाद में स्पष्ट किया कि उस पर आग लगी है।



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग लगने के बाद उठता काला धुआं।

### बचाव के लिए भेजा गया आईएनएस सूरत

पीआरओ ने बताया, नौ जून को सुबह लगभग 10:30 बजे, एमओसी (कोच्चि) को एमओसी (मुंबई) से जहाज के निचले डेक पर आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए आईएनएस सूरत को उस जगह रवाना किया, जो कोच्चि में लंगर डालेगा। पीआरओ ने कहा कि नौसेना की पश्चिमी कमान ने पूर्वाह्न 11 बजे पोत को घटना वाली जगह की ओर रवाना किया।

# इजराइली सेना ने गाजा में मानवीय सहायता ले जा रहे जहाज को रोका

यरुशलम, एजेंसी

- ग्रेटा थनबर्ग समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

इजराइल की सेना ने सोमवार की सुबह गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए जा रहे एक जहाज को रोक दिया और उसमें सवार सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने और इजराइली नाकाबंदी तथा युद्ध में उसके आचरण का विरोध करने और फलस्तीनियों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए ये यात्रा शुरू की थी। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ताओं का इजराइली सेना ने अपहरण कर लिया है और उसने उनके पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश जारी किए।

संगठन ने कहा, जहाज पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। जहाज के निहत्थे असैन्य चालक दल के सदस्यों का अपहरण कर लिया गया और इस पर मौजूद जीवन रक्षक राहत सामग्री जैसे कि शिशु फॉर्मूला, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति को जब्त कर लिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यात्रा को एक 'जनसंपर्क का हथकंडा' बताया और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सेलिब्रिटी लोगों का 'सेल्फी जहाज' सुरक्षित रूप से इजराइल के तट पर पहुंच रहा है।

### इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में चेहाबियह-कफ़र दोनिन सड़क पर रविवार को एक मोटरसाइकिल को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हवाई हमले में एक हिज़्बुल्लाह सदस्य की मौत हो गई और तीन लेबनानी नागरिक घायल हो गए। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने पुष्टि की कि पीड़ित की पहचान चेहाबियह शहर के हिज़्बुल्लाह सदस्य अली शफ़ीक क़ान्सो के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि हवाई हमले के समय तीन नागरिक वहाँ से गुज़र रहे थे। लेबनान के नागरिक सुरक्षा के एक सूत्र ने बताया कि बचाव दल ने पीड़ित के शव और तीन घायल व्यक्तियों को दक्षिणी शहर टायर के एक अस्पताल में पहुंचाया है।

### आतंकी तहव्वुर राणा को मिली फोन पर परिजनों से बातचीत की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की सोमवार को अनुमति दे दी। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी।


न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी। अदालत ने सोमवार से 10 दिन के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी देने को कहा है। राणा को नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं, न्यायाधीश ने इस पर जेल अधिकारियों को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए एक रिपोर्ट भी दाखिल करने का निर्देश दिया।

सर्वेक्षण

## हिमाचल की राजधानी में गंभीर गुर्दा रोग (सीकेडी) के मामले करीब 40 प्रतिशत तक पहुंचे

# शिमला में गुर्दा रोगियों की संख्या चिंताजनक स्तर पर

शिमला, एजेंसी



- मंडी, सोलन और कुल्लू जिलों में भी गुर्दा रोगियों की भारी तादाद

भारत में विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश में 'गंभीर गुर्दा रोग' (सीकेडी) के बढ़ते मामले गहरी चिंता का कारण बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरएस रांटा की देखरेख में मेडिकल छात्रों की ओर से हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार इस रोग के सबसे ज्यादा मामले शिमला जिले में सामने आए हैं। यहां इस रोग के सबसे अधिक 39.9 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए हैं।

वर्ष 2014 से 2023 के बीच इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में इलाज कराने वाले 2,609 रोगियों के आंकड़ों पर आधारित यह अध्ययन आईजीएमसी के छात्रों ने नेफ्रोलॉजी विभाग के सहयोग से किया गया है। आईजीएमसी में नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कामाक्षी ने बताया कि सीकेडी मुख्य रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त में यूरिया के स्तर में वृद्धि और मूत्र में प्रोटीन रिसाव के कारण होता है। शिमला के अलावा सीकेडी के मामले मंडी (14.5 प्रतिशत), सोलन (10 प्रतिशत), और कुल्लू (8.6 प्रतिशत) में भी सामने आए हैं।

लाहौल-स्पीति में इस रोग का अभी ज्यादा प्रकोप नहीं फैला है। यहां इसका सबसे कम प्रतिशत दर्ज किया गया। एकत्रित आंकड़ों ने क्षेत्र में लिंग असमानता को भी उजागर किया, जिसमें 60.2 प्रतिशत रोगी पुरुष और 39.8 प्रतिशत महिलाएं थीं। इस रोग का प्रकोप 57 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों में ज्यादा पाया गया और इनका प्रतिशत 68 प्रतिशत से अधिक रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि 17 प्रतिशत रोगियों का इलाज उनके गुर्दे के काम करना बंद करने के अंतिम चरण में किया गया।

### डॉक्टरों की चेतावनी, सीकेडी का ये विकराल रूप

डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अनियमित जीवन शैली, इलाज में देरी और जागरूकता की कमी के कारण सीकेडी विकराल रूप में सामने आ रही है। डॉ. कामाक्षी ने बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रारंभिक जांच, बेहतर आहार संबंधी आदतों और समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने सीकेडी के मामलों में लगातार वृद्धि के कारण स्वास्थ्य विभाग से इसके रोकथाम के उपायों पर ध्यान देने और इस बाबत जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। ये अभियान विशेष तौर पर उन जिलों में ज्यादा जोर-शोर से चलाने का अनुरोध किया गया है, जहां इसके ज्यादातर मामले सामने आए हैं।